## एक नजर

### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने पर होगी कार्रवाई

**सोहावल।** रौनाही थाना क्षेत्र के सोहावल चौराहा तहसील रोड स्थित शराब के ठेके के आसपास शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लगता है। आसपास के दुकानदारों के साथ आम लोगों में इससे नाराजगी है। आवागमन बाधित होता है। राहगीरों से बखेड़ा भी होता है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि सार्वजनिक जगह पर शराब पीना मना है। अगर ऐसा करते पाया जाएगा तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस ने की मछली मंडी में घरों को तोड़े जाने की निंदा

**अयोध्या।** चौक क्षेत्र की मछली मंडी में नजूल की जमीन पर बने दशकों पुराने भवनों पर अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगर निगम के बुलडोजर एक्शन की कांग्रेस ने निंदा की है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि बिना कोई विधिवत नोटिस दिए गरीबों के सिर से छत छीन लेना अमानवीय कृत्य है। मांग उठाई कि जिन लोगों के घर तोड़े गए हैं, उन्हें तुरंत मुआवजा और वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाए। इस तरह की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

# स्ववित्त पोषित प्रबंधकों और प्राचार्यों ने घेरा कुलपति कार्यालय

## नई शिक्षा नीति के तहत प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने की मांग, कुलपति ने नहीं की वार्ता, परीक्षा नियंत्रक से वार्ता के बाद हुए शांत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों ने शुक्रवार को कुलपति कार्यालय का घेराव किया। नई शिक्षा नीति के तहत प्रयोगात्मक परीक्षाएं करवाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। परीक्षा नियंत्रक से वार्ता के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त हुआ।

स्ववित्त पोषित महाविद्यालय संघ के अध्यक्ष शीलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व की भांति प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई जाएं। उन्होंने कहा कि नए कुलपति ने चार्ज लेते ही नियम बदल दिए। एक विषय पर चार-चार परीक्षक लगा दिए गए हैं। इनका खर्च कोई महाविद्यालय वहन नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में महाविद्यालय अपने शिक्षकों से ही प्रयोगात्मक परीक्षाएं करवाता था। नए कुलपति ने एक विषय पर तीन से चार परीक्षक तैनात कर दिए हैं। स्ववित्त पोषित महाविद्यालय के प्रबंधक प्राचार्य ने नए नियम से प्रैक्टिकल परीक्षाएं करवाने से इन्कार कर दिया है। वार्ता के लिए बुलाने के बाद कुलपति निकल गए। जिसके बाद परीक्षा नियंत्रक विनय सिंह, मुख्य नियंता डॉ. एस एस मिश्रा और डॉ. शैलेन्द्र वर्मा ने वार्ता की। बताया कि आंतरिक परीक्षक कॉलेज लगाएगा, यह मांग मान ली गई है। जहां कम बच्चे हैं वहां के प्राचार्य प्रार्थना पत्र दे कर अपनी सुविधानुसार अन्यत्र महाविद्यालय में अटैच करा सकते हैं। बाकी तीनों सेमेस्टर में एक बाह्य परीक्षक लगाने की बात पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन दिन का समय मांगा है। वार्ता में डॉ. आलोक पांडेय, प्रदीप यादव, कमला प्रसाद वर्मा आदि प्रबंधक व प्राचार्य मौजूद रहे।



अवध विवि के विवेकानंद सभागार में वार्ता के दौरान मौजूद स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्य व प्रबंधक। अमृत विचार

### स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों ने बाह्य परीक्षकों की तैनाती में बड़ा खेल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों की कई पोल एक साथ खुल रही हैं। पिछले सेमेस्टर तक महाविद्यालय की ओर से ही बाह्य और आंतरिक परीक्षक की नियुक्ति होती थी। इस बार शिक्षक संघ के प्रयासों और कार्यवाहक कुलपति की सुधारात्मक पहल के चलते विश्वविद्यालय ने पुनः बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति कर दी। अब इसे ही लेकर खेल शुरु हो गया है। जिसे लेकर तमाम सवाल उठ रहे हैं और विश्विद्यालय प्रशासन की भी लापरवाही सामने आ रही है। जल्दी परिणाम देने के दबाव में विश्वविद्यालय ने उन्हीं परीक्षकों को नियुक्त कर दिया जो गत सेमेस्टर में बाह्य परीक्षक महाविद्यालयों ने बनाए गए थे। जिन परीक्षकों को महाविद्यालयों में नियुक्त किया था उन्हीं के मोबाइल नंबर पर विश्वविद्यालय द्वारा एक ओटीपी भेजी जाती थी। उसके बाद ही अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड होते थे। इस बार जब विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य उस नंबर पर फ़ोन करते हैं तो पता चलता है कि वह नंबर किसी शिक्षक का है ही नहीं। नंबर या तो किसी कर्मचारी है या फिर प्रबंधक का है। किसका नंबर है विश्वविद्यालय प्रशासन बता नहीं पा रहा है। कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो वास्तव में कहीं पर हैं ही नहीं और पूरी तरह काल्पनिक है। कुछ महाविद्यालयों को तो ऐसे परीक्षक मिल गए है जो प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में अनुमोदित है। कुछ ऐसे भी है जो कहीं भी अनुमोदित ही नहीं हैं। शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी का कहना है कि बहुत शिकायतें उनके पास भी आई हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर जल्द ही ऐसे फर्जी परीक्षकों को बाहर करवाया जाएगा।

### इन विवि से सम्बद्ध स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के शिक्षक बने परीक्षक

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा गोरखपुर विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, रज्जू भैया विवि, आजमगढ़ विश्वविद्यालय, पूर्वांचल विवि से संबद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के कॉलेजों शिक्षकों को अवध विश्वविद्यालय में बाह्य परीक्षक बनाया गया है।

> परीक्षकों की तैनाती को लेकर जो भी विसंगति होगी वह दूर की जाएगी। इस बार तैनात किए गए परीक्षकों में कुछ इधर-उधर हो गया है, जिसे देखा जा रहा है। जहां तक ओटीपी की बात है वह कोई बड़ी बात नहीं है, कर्मचारी है या कोई और देखा जाएगा। **-विनय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक, अवध विश्वविद्यालय।**

# नदी में डूब रहे 4 को बचाया किशोर की तलाश जारी

मवई, अयोध्या।



घटना स्थल पर मौजूद विधायक रामचंद्र यादव व लगी भीड़

**अमृत विचार :** थाना बाबा बाजार अंतर्गत मां कामाख्या घाट पर शुक्रवार दोपहर गोमती नदी में स्नान कर रहे पांच लोग अचानक डूबने लगे। चीख पुकार मचते ही स्थानीय लोगों ने चार को बचा लिया जबकि किशोर गहरे पानी में डूब गया। गोताखोरों की मदद से पुलिस नदी में किशोर की तलाश कर रही है।

गोमती नदी में शुक्रवार को अनुराग (18) निवासी मंगलसी रौनाही, ऋषभ (18), रवि (16), अनुज (17) सभी निवासी इनायतनगर व सौरभ (17) कामाख्या घाट पर नहा रहे थे। इस दौरान गहरे पानी में जाने से सभी डूबने लगे। चीख-पुकार सुन वहां मौजूद कुछ लोगों व नाविकों ने नदी में छलांग लगाकर चार को बचा लिया। सौरभ (17) पुत्र राजेंद्र निवासी फत्तेपुर जनपद सुल्तानपुर डूब गया। बचाए गए चारों को सीएचसी सुनबा में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंचे बाबा बाजार थाना प्रभारी शैलेंद्र आजाद ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। वहीं कुछ ही देर में विधायक रामचंद्र यादव भी वहां पहुंचे व प्रशासन को एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाने को कहा।

# रामपथ से जुड़ी 27 गलियों का निर्माण कार्य पूरा : महापौर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम अयोध्या की कार्यकारिणी की शुक्रवार को हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि रामपथ से जुड़ी 27 गलियों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

उन्होंने फैंसी लाइट लगाने के दौरान नगर निगम की सड़कों की मानक से अधिक कटाई और उसकी मरम्मत न कराए जाने को लेकर नाराजगी जताई। बैठक में जोनल कार्यालय को और अधिक प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया। डस्टबिन आपूर्ति में अनियमितता की 15 दिन के अंदर जांच करने की निर्देश भी दिए गए।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में स्वीकृति के सापेक्ष बची हुई फैंसी फैंसी लाइट लगवाने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र को जोनल कार्यालय स्तर पर अलग करने के लिए पत्राचार करने का फैसला किया गया।

पार्षद सूर्यकुमार तिवारी ने जोनल स्तर पर वार्डो के संबंध करने में बरती गई विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षण किया। जोनल कार्यालय में टैक्स निर्धारण संबंधी कर्मचारियों की नियमित तैनाती की मांग की, जिस पर नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कर विभाग को निर्देश दिया। इस दौरान पार्षद विशाल पाल ने एक मीटर से अधिक चौड़े नाले की सफाई व्यवस्था और अभिनव पांडे ने झूलेलाल वार्ड में नालों की सफाई सही ढंग से न होने की शिकायत दर्ज कराई। महापौर ने सफाई कराने के निर्देश दिये। पार्षदों ने बताया कि अयोध्या प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य के चलते जल निकासी व्यवस्था को ठप कर दिया है। इससे जल भराव की समस्या हो सकती है। पार्षद हरिश्चंद्र गुप्त के सुझाव पर रामजानकी मंदिर ऋषि टोला में एक सप्ताह के भीतर रैंप बनवाने का निर्देश दिया। बैठक में 851 कॉमर्शियल भवनों को कर संबधी नोटिस भेजने, डोर-टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण व्यवस्था सही करने व अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पास किया गया। वहीं, राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा की सहायता से सिंदूर तिराहा विकसित किया जायेगा। इस दौरान उपसभापति राजेश गौड़, सुल्तान अंसारी, गरिमा, प्रिया शुक्ला, अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल, नागेंद्र नाथ यादव, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता पुनीत ओझा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ला सहित नगर निगम के अधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।



नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी।

**नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में डस्टबिन आपूर्ति की जांच 15 दिन में करने के निर्देश**

### देवकाली वार्ड में हाइट गेज लगाने के निर्देश

देवकाली वार्ड के अंजनीपुरम में बनाई गई नगर निगम की सड़क को भारी वाहनों के आवागमन से हो रही क्षति को देखते हुए हाइट गेज लगाने का निर्णय किया गया। इससे केवल सामान्य वाहन ही उस रास्ते पर चल सकेंगे। इस संबंध में कार्यकारिणी का ध्यान पार्षद चंदन सिंह ने आकर्षित कराया था।

## सार-संक्षेप

### लूट की वारदात का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना तारुन पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूट के 30 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर कमासिन बगहिया में एक शादी समारोह से 45 सौ रुपये व ग्राम सराय सागर के शादी समारोह से लूटे गए 1,25,00 रुपये के मामले में जांच कर रही पुलिस ने शुक्रवार सुबह तकमीनगंज पुल के पास से आरोपी सौरभ निवासी पाली अचलपुर थाना तारुन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पीड़ितों ने भी की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने इन दोनों घटनाओं के अलावा सुल्तानपुर के थाना कोतवाली देहात स्थित सूर्या पैलेस तिवारीपुर में एक शादी समारोह से भी 13 हजार की लूट की थी। बताया कि आरोपी के पास से तीनों जगह से लूटे गए 30 हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर आरोपी का चालान कर दिया गया है। इसके तीन अन्य साथियों को गुरुवार को अंबेडकरनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आवश्यक कदम उठाएं: कुलपति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के क्रीड़ा परिषद की बैठक शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। कुलपति ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाडियों को सम्मानित करने का निर्णय हुआ। क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने सत्र 2023-24 में क्रीड़ा परिषद के खेल संबंधी क्रिया कलापों की क्रमवार आख्या प्रस्तुत की। इसके साथ ही सत्र 2025-26 के बजट पर चर्चा हुई। बैठक में क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने कुलपति के साथ कीड़ा परिषद के सभी सदस्यों का स्वागत किया। प्रो. अमूल्य कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। वित्त अधिकारी पूर्णेंद्र शुक्ला, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, क्रीड़ा परिषद उपाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. केया पाण्डेय, डॉ. महिमा चौरसिया, डॉ. दुष्यंत, डॉ. अनुराग, डॉ. मनीष, डॉ. कृष्ण कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### तैराकी व टीटी हुआ में खिलाड़ियों का ट्रायल

**अयोध्या कार्यालय।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में मंडलीय महिला तैराकी व टेबल टेनिस ट्रायल आयोजित हुआ। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि मंडलीय महिला तैराकी ट्रायल में अयोध्या जिले की एक व सुल्तानपुर की एक खिलाड़ी ने प्रतिभाग किया। टेबल टेनिस के मंडलीय ट्रायल में अयोध्या जिले की आठ व सुलतानपुर की पांच खिलाड़ियों ने टेस्ट दिया। तैराकी में दो तथा टेबल टेनिस में छह खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी सिद्धार्थनगर में 14 जून तक आयोजित प्रदेशीय टेबल टेनिस व तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### चोरी का ई-रिक्शा व बैटरी के साथ दो गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** थाना कैंट पुलिस ने चोरी हुए ई-रिक्शा व बैटरी के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि एक इलाके में एक ई-रिक्शा व दूसरी जगह ई-रिक्शा की बैटरी चोरी हुई थी। इसकी रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी गौरव उर्फ प्रीत निवासी शिव कॉलोनी जमथरा थाना कैंट व विनय निषाद निवासी जमथरा थाना कैंट कोक अबू सराय के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी हुआ ई-रिक्शा व बैटरी बरामद हुई। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

### रातों रात काटे गए सागौन के 10 पेड़

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के पिलखावां गांव में आठ जून की रात बिना परमिट के रातों-रात प्रतिबंधित 10 सागौन के पेड़ काटकर और जड़ को खोद कर गायब कर दिया गया। इसकी शिकायतकर्ता साधु राम ने की है। बताया कि मिल जुमला खाते की जमीन में सागौन के कई बड़े-बड़े पेड़ थे। इसको विपक्षी ने वन व पुलिस विभाग की मिली भगत से रात में चोरी से काटना शुरू किया। उसने डायल 112 पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहां पर लकड़ी के कुछ बोटे काटे पाए। उप निरीक्षक ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक को मामले से अवगत करा दिया गया। कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के लिए वन विभाग टास्क फोर्स प्रभारी दुर्गा प्रसाद से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

### कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी ने अयोध्या में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भीषण गर्मी में बिजली की बार-बार कटौती से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह और रामदास वर्मा ने कहा कि इस विषय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### ऑटो रिक्शा में कार ने मारी टक्कर, चालक घायल

**रानीबाजार, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रानी बाजार में ऑटो रिक्शा को पीछे से कार ने टक्कर मार दी। घटना में ऑटो रिक्शा चालक तिलकराम निवासी भईपुर के मजरे राम प्रसाद का पुरवा, पूरा कलंदर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गए। समाचार भेजे जाने तक दोनों गाड़ियां घटनास्थल पर थी। मौके पर पुलिस नहीं पहुंची थी।

### रुदौली में संविधान बचाओ सम्मेलन कल

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के रानीमऊ स्थित निर्मल कुटिया के प्रांगण में संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन 15 जून को होगा। एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला ने बताया कि सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला कोऑर्डिनेटर रामजी गिरी, जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा सहित तमाम नेता व रुदौली क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता व शुभचिंतक शामिल होंगे।

### नहीं हुआ हैंडपंप रिबोर, पैसा निकाले जाने की चर्चा

**शुजागंज, अमृत विचार :** रुदौली ब्लॉक क्षेत्र के ऐथर गांव में विद्यालय में लगे सरकारी हैंडपंप व गांव के बाहर लगे हैंडपंप से लोगों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि हैंडपंपो की मरम्मत के लिए मई माह में लगभग डेढ़ लाख रूपया निकाला गया, लेकिन मरम्मत नहीं कराई गई। ग्राम विकास अधिकारी असान दुबे मरम्मत को लेकर माकूल जवाब नहीं दे पाए। खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने बताया कि जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### सामाजिक कार्यकर्ता के निधन से शोक

**भेलसर, अमृत विचार :** श्री श्याम ताली कीर्तन मंडल दरबार के सेवादार व सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार भोलू (33) का ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया। उनका निधन इलाज के दौरान लखनऊ में हुआ। सूचना के बाद उनके पैतृक आवास नयागंज पहुंचकर विधायक रामचंद्र यादव, व्यापार मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता, भाजपा नेता श्याम बाबू गुप्ता, नितिन आर्य, लवकुश, राजेश वैश्य आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# न्यू मुस्कान मेडिकल सेंटर पर सीएमओ का छापा, सील

रुदौली, अयोध्या।

**अमृत विचार:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान ने शुक्रवार रात अपनी टीम के साथ रुदौली के न्यू मुस्कान मेडिकल सेंटर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान मरीज को ड्रिप चलने के बावजूद नर्सिंग सेंटर के डॉक्टर से लेकर सफाईकर्मी तक भाग निकले। जांच में एक्पायर इंजेक्शन और दवाएं मिली। खबर लिखे जाने तक अस्पताल को सील किए जाने की कार्रवाई की जा रही थी।

सीएमओ ने टीम के साथ रात लगभग साढ़े आठ बजे रूदौली के पौसरा चौराहा स्थित न्यू मुस्कान मेडिकल सेंटर पर छापा मारा। नर्सिंग होम आवासीय भवन में चल रहा है। यहां प्रसव के लिए सोनपती पत्नी पप्पू (25) निवासी नया पुरवा डिलेवरी के लिए भर्ती मिली। इसे नया पुरवा की आशा कार्यकर्ता कंचन लेकर आई थी। नूरी पत्नी इजराइल (30) हलीमनगर कोतवाली रुदौली भी यहां भर्ती थी। एक को ड्रिप चल रही थी। ऑपरेशन की तैयारी की बात बताई। दोनों के साथ उनके परिजन मौजूद थे। सीएमओ की टीमे के वाहन पहुंचने के साथ ही सेंटर के डॉक्टर से सफाई कर्मी तक भाग निकले। दोनों मरीज इसे देखकर अवाक रह गए।

सीएमओ डॉ. बानियान ने बताया कि अस्पताल में दो मरीज भर्ती हैं, लेकिन डाक्टर से स्वीपर तक कोई नहीं है। अस्पताल के नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया गया। अस्पताल अवैध है। जांच में लगभग दर्जन भर इंजेक्शन के साथ अन्य दवाएं एक्पायर मिली हैं। दोनों मरीज लाभार्थी हैं उन्हें बेहतर सुविधा के लिए सीएचसी भेजकर अस्पताल को सील किया जा रहा है। आशा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले भी रुदौली में अस्पताल पर छापे डाले जा चुके हैं।



दवाओं की जांच करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान व टीम।

**अस्पताल से भागे कर्मचारी, मिलीं एक्पायरी दवाएं, आशा पर होगी कार्रवाई**

## बोलेरो की टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**तारून, अयोध्या : अमृत विचार।** थाना तारुन क्षेत्र के गोसाईगंज मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे सड़क किनारे गोदवा निवासी विजय बहादुर विश्वकर्मा (50) पुत्र स्व. रामदुलार वर्मा गांव के ही मुन्नीलाल प्रजापति व चिंताराम वर्मा के साथ खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी गोसाईगंज की तरफ से तीव्र गति से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने तीनों को सीएचसी तारून पहुंचाया। जहां डॉ. अभिषेक विश्वास ने विजय बहादुर विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल मुनीलाल को ट्रॉमा सेंटर दर्शन नगर रेफर कर दिया। थाना तारुन प्रभारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि दुर्घटना करने वाली गाड़ी कब्जे में ले ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सांसद ने पीड़ितों से की मुलाकात न्याय दिलाने का दिया आश्वासन



पुरानी सब्जी मंडी में विस्थापित लोगों से मुलाकात करते सांसद अवधेश प्रसाद।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सांसद अवधेश प्रसाद शुक्रवार को चौक क्षेत्र के पुरानी सब्जी मंडी पहुंचे। जहां पर उन्होंने बुलडोजर की कार्रवाई से पीड़ित लोगों से मुलाकात की। उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिलाधिकारी से पीड़ितों को मुआवजा व आवास देने की मांग की।

सांसद ने कहा कि बिना किसी नोटिस के लोगों का मकान व दुकान तोड़ा जाना भगवान श्रीराम की मर्यादा के खिलाफ है। भीषण गर्मी में लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद सांसद ने मामले को लेकर जिलाधिकारी अयोध्या से मुलाकात की और पीड़ित लोगों को पुनर्स्थापित करने के साथ उचित मुआवजा व आवास देने की मांग की। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री पवन पांडे, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, ओपी पासवान, आकिब खान, जय सिंह राणा, श्रीचंद यादव, साहब लाल यादव, अनस खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

**कवायद** सभी औपचारिकताएं पूरी, रेरा को भेजा गया प्रस्ताव, अनुमति का इंतजार

# ग्रीन फील्ड टाउन शिप में 314 आवासीय प्लॉट बुकिंग की तैयारी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** अयोध्या की अति महत्वाकांक्षी ग्रीन फील्ड टाउनशिप योजना में पहली बार आवासीय प्लॉट की बुकिंग खोलने की तैयारी है। इसकी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।रेरा (रियल स्टेट विनियमन और विकास) को इसका प्रस्ताव भेज दिया गया है। अनुमति मिलने का इंतजार है। उसके बाद बुकिंग खोल दी जाएगी।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर से चंद किमी. की दूरी पर विकसित की जा रही ग्रीनफील्ड टाउनशिप अयोध्या की अति महत्वाकांक्षी योजना है। लगभग तीन साल से इस योजना को परवान चढ़ाया जा रहा है। टाउनशिप में आधुनिकतम सुविधाएं प्रस्तावित है। यह अयोध्या की अपने तरह की पहली टाउनशिप होगी। कुछ दिन पहले यहां पहुंचे आवास आयुक्त बलकार सिंह ने विभाग के अफसरों को टाउनशिप को विकसित करने में तेजी का निर्देश दिया था। इसके बाद आवासीय प्लाटों की बुकिंग की रणनीति बनी है।

सरयू के तट पर बसाई जा रही टाउनशिप में आवासीय प्लाटों की बुकिंग पहली बार खोलने की तैयारी है। इसके पहले मठ-मंदिरों, विभिन्न प्रदेशों और देशों के लिए बुकिंग खोली गई थी। अब 314 आवासीय प्लाटों का पंजीकरण खोला जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियों पूरी कर ली गई है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है।




अयोध्या की ग्रीनफील्ड टाउनशिप का प्रस्तावित नक्शा।

### तय कर दी गई आवासीय प्लाटों की कीमत

आवास विकास परिषद से विकसित की जा रही टाउनशिप में पंजीकरण के लिए खोल जा रहे प्लाटों की कीमत तय कर दी गई। जमीन की कीमत 37,300 रूपये प्रति वर्ग मीटर होगी। इसके अलावा लगभग 12 फीसदी अन्य खर्च आएगा। कुल मिलाकर 100 वर्ग मीटर का एक प्लाट लगभग 42 लाख रूपये में पड़ेगा। हालांकि इसमें थोड़ा बहुत अंतर हो सकता है।

### अलग दिखेगा सरयू तट पर टाउशिप का लुक

सरयू तट पर बसाई जा रही इस टाउनशिप का लुक अलग दिखेगा। बताया गया है कि यहां लंदन आई की तर्ज पर बनाए जाने वाले दिव्य दृष्टि चक्र से पूरा अयोध्या को देखा जा सकेगा। एक थीम पार्क विकसित किया जाएगा। जहां रामायण काल के दृष्य दिखाई पड़ेंगे। इसके आलावा 35-35 हजार वर्ग फिट के दो तालाब विकसित किए जाने की भी योजना बताई गई है।

> अयोध्या की ग्रीन फील्ड टाउनशिप में 314 प्लाटों की बुकिंग खोली जाएगी। इसके तहत 100 वर्ग माटर, 150 वर्ग मीटर और 200 वर्गमीटर के प्लाट हैं। रेरा को प्रस्ताव भेज दिया गया है। अनुमति मिलने के बाद पंजीकरण खोला जाएगा। **-इं. अमन त्यागी, अधीक्षण अभियंता, आवास विकास परिषद** अयोध्या।

# ढाबे पर मिला अवैध रूप से भंडार किया गया 200 लीटर डीजल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रौनाही थाना अंतर्गत अयोध्या-लखनऊ राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गुरुनानक ढाबे पर काफी दिनों से अवैध रूप से डीजल का अवैध भंडारण व खरीद फरोख्त करने की शिकायत मिल रही थी। इसी के चलते गुरुवार देर रात सीओ सदर योगेंद्र कुमार की अगुवाई में थाना रौनाही पुलिस व आपूर्ति निरीक्षक की टीम ने कार्रवाई की। मौके पर कई डिब्बों में रखा करीब 200 लीटर डीजल बरामद हुआ। टीम ने ढाबा संचालक जर्नादन सिंह से जब डीजल के स्रोत और बिक्री के संबंध में लाइसेंस व अन्य दस्तावेज मांगे तो वह कोई कागजात नहीं दिखा पाया। सीओ सदर ने बताया कि अवैध भंडारण कर रखे गए डीजल को जब्त कर लिया गया है। बताया कि ढाबा संचालक द्वारा ट्रक चालकों से कम दामों पर डीजल खरीदकर उसे बाजार भाव पर बेचा जाता था। थाना प्रभारी रौनाही सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जा रही है। उनके निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सीओ सदर, थाना रौनाही पुलिस व आपूर्ति विभाग की टीम ने की कार्रवाई**




## आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने व हल्की वर्षा होने की संभावना है।

| 40.0° | 29.5° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम



- अवध विवि द्वारा मैराथन प्रतियोगिता परिसर से नाका-मकबरा पर सुबह 06 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउट सोर्स कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर कौटिल्य प्रशासनिक भवन में अवध विवि व जिला प्रशासन की बैठक दोपहर 12 :00 बजे से



- भाजपा पूरा मंडल द्वारा ब्लॉक सभागार में विकसित भारत संकल्प सभा शाम 05 :00 बजे से।

# राम मंदिर निर्माण : अब तक खर्च हुए 2150 करोड़ रुपये

**ट्रस्ट ने जारी किया आय-व्यय विवरण**

## वर्ष 2024-25 में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को हुई 316.57 करोड़ की आय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर का निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। राम मंदिर सहित अन्य 14 मंदिरों के निर्माण में अब तक कुल 2150 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अलग-अलग स्रोतों से 316.57 करोड़ रुपये की आय हुई और इस वर्ष 452.76 करोड़ रुपये खर्च हुए।

ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बीते दिनों हुई बैठक में वित्तीय वर्ष की बजट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक चलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के खाते बंद कर दिए गए हैं। इन खातों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर सितंबर 2025 तक आयकर रिटर्न दाखिल की जाएगी। इसमें सती मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण में खर्च के नए विवरण को प्रारंभ कर दिया गया है।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक बैठक के दौरान ट्रस्ट अपने सभी लेखा-जोखा के कार्यों को पेश करता है। इसमें भी अब तक जितने भी खर्च हुए हैं या अलग-अलग माध्यमों से प्राप्त धनराशि है उन सभी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। अब वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट तैयार की जाएगी।



निर्माणाधीन राम मंदिर का दृश्य।



सजा राजाराम का दरबार

**452.76 करोड़ रुपये इस वर्ष व्यय हुए**

### मंदिर निर्माण समेत अन्य कार्यों में खर्च हुए 652.55 करोड़

राम मंदिर ट्रस्ट को वित्तीय वर्ष 2024-25 में डोनेशन एकाउंट में 35 .01 करोड़ रुपये, दानपात्रों से 94 .30 करोड़ रुपये, ऑनलाइन ट्रांसफर से 12 .79 करोड़ रुपये तथा विदेशी मुद्रा के एफसीआरए खाते से 0 .55 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस दौरान राम मंदिर निर्माण में लगभग 452 .76 करोड़ खर्च किए गए हैं। इसके अतिरिक्त भूमि खरीद पर 105 .45 करोड़, इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित कार्यों पर 87 .56 करोड़ व अन्य मदों में 1 .70 करोड़ खर्च किए गए है। इस प्रकार से ट्रस्ट ने कुल 652 .55 करोड़ रुपये व्यय किया हैं।

### वर्ष 2023-24 में सबसे अधिक 922 करोड़ का ख़र्च

राम मंदिर ट्रस्ट के द्वारा पेश किए गए बजट में दो वित्तीय वर्षों की तुलना भी की गई है। इसमें 2022-23 में ट्रस्ट की कुल आय 208 .97 करोड़ रही, तो 2023-24 में यह बढ़कर 363 .34 करोड़ पहुंच गई। इसी प्रकार खर्च में 2022-23 में 386 .91 करोड़ और 2023-24 में यह आंकड़ा बढ़कर 922 .62 करोड़ हुआ है।

### राम मंदिर ट्रस्ट ने दिया 396 करोड़ का टैक्स

राम मंदिर ट्रस्ट के खाते से बीते वर्षों में सरकार के विभिन्न एजेंसियों को 18 प्रतिशत टैक्स के तहत लगभग 396 करोड रुपये का भुगतान भी किया गया है। जिसमें जीएसटी के रूप में 272 करोड़, टीडीएस के रूप में 39 करोड़, लेबर सेस के लिए 14 करोड़, एम्पलाई स्टेट इंश्योरेंस में लगभग 7 .4 करोड़, इंश्योरेंस पॉलिसी में लगभग 4 करोड़ रुपये जमा किए गए हैं। इसके साथ ही विकास प्राधिकरण को नक्शा स्वीकृत की धनराशि में 5 करोड रुपये का भुगतान किया गया है। इसके अलावा ट्रस्ट के द्वारा कई स्थानों पर जमीनें भी खरीदी गई हैं, इसके लिए रिवेन्यू ड्राफ्ट और रजिस्ट्रेशन फीस में लगभग 29 करोड़ रुपये जमा किये गये हैं। साथ ही 10 करोड़ रुपये बिजली के बिल और 14 .9 करोड़ रुपये अलग-अलग राज्यों से आए सामानों की रॉयल्टी के रूप में दिया गया है।

## 22 तक बंद रहेगा राम की पैड़ी के पंपों का संचालन



**अयोध्या, अमृत विचार:** राम की पैड़ी में स्नान और लुत्फ उठाने वालों को इसके लिए 22 जून तक इंतजार करना पड़ेगा। इसकी मरम्मत का काम 12 जून से शुरू हो गया है। अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खंड कार्यालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राम की पैड़ी के डिलेवरी टैंक, मुख्य चैनल, डिस्पोजल चैनल व स्केप चैनल में जमी हुई सिल्ट/बालू की साफ सफाई और मरम्मत कराने के उद्देश्य से राम की पैड़ी पर पंपों का संचालन 22 जून तक बंद रहेगा।

# कोरोना की 46 जांच सभी की रिपोर्ट निगेटिव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** जिले में कोरोना के चार मामले सामने आने के बाद से स्वास्थ्य विभाग ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। सार्वजनिक स्थलों पर शुक्रवार पांच स्थानों पर जांच शुरू हुई। कुल 46 टेस्ट हुए। जिला एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि रामजन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, अयोध्या कैंट स्टेशन, अयोध्या धाम बस अड्डा व महिला अस्पताल में एंटीजन टेस्ट हुए हैं। राहत की बात यह है कि सभी निगेटिव रहे। उन्होंने बताया कि कोशिश की जा रही है कि शनिवार से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर भी जांच शुरू करा दी जाए। वहीं, गुरुवार को राम जन्मभूमि परिसर में पॉजिटिव मिले मरीज को श्रीराम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश श्रीवास्तव के साथ भर्ती कोरोना मरीज की काउंसलिंग भी की गई।



कैंट रेलवे स्टेशन पर जांच करती स्वास्थ्य कर्मी।

# हनुमानगढ़ी समेत 700 घरों में 15 घंटे बिजली ठप

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में विश्व प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी समेत 700 से अधिक घरों और दुकानों में करीब 15 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। हनुमानगढ़ी के निकट केबल बक्से में ब्लास्ट के कारण गुरुवार रात 11 बजे से गई बिजली आपूर्ति शुक्रवार दोपहर बाद बहाल हो सकी। एक केबल बक्सा दुरुस्त करने में बिजली कर्मियों को 15 घंटे लग गए। इस दौरान पूरी रात लोग अंधेरे में रहे। भीषण गर्मी के चलते भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि हनुमानगढ़ी पर जनरेटर होने के कारण हनुमंतलला के पूजन-अर्चन और दर्शन में कोई व्यवधान नहीं आया।

हनुमानगढ़ी के निकट धर्मपथ पर स्थित एक केबल बक्सा गुरुवार रात 10 बजे के करीब धड़ाम की आवाज के साथ दग गया। आवाज सुनकर लोग बाहर निकले तो केबल बक्सा जलता मिला। बक्सा जलने से हनुमानगढ़ी और आसपास के 700 घरों व दुकानों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना के बाद बिजली कर्मी पर पहुंचे लेकिन रात होने के कारण बक्से की मरम्मत नहीं हो पाई। इसके बाद शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मरम्मत शुरू हुई तो दोपहर दो बजे करीब आपूर्ति चालू हो सकी। स्थानीय लोगों ने बताया कि रातभर भीषण गर्मी में लोग छतों और सड़कों पर विचरण करते रहे। एसडीओ नवनीत सिंह ने बताया कि केबल बक्सा जल गया था, जिसे दुरुस्त करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि नया बाक्स लगाए जाने के कारण लंबा समय लगा।



धर्मपथ पर जला केबल बॉक्स दुरुस्त करता बिजली कर्मी। अमृत विचार

**केबल बक्सा जलने से रात भर बाधित रही आपूर्ति, लोग परेशान**

# अधिशासी अभियंता व एसडीओ रात्रि में उपकेंद्रों का करें निरीक्षण

**असर**

**'अमृत विचार' में प्रकाशित खबर का मुख्य अभियंता वितरण ने लिया संज्ञान, दिये निर्देश**

**अवर अभियंता रात 11 बजे तक रहेंगे मौजूद**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** सभी अधिशासी अभियंता और उप खंड अधिकारी (एसडीओ) अपने-अपने उपकेंद्रों का निरीक्षण करते हुए रात्रि 11 बजे तक कार्यस्थल पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सभी 64 उप केन्द्रों के अवर अभियन्ता हर हाल में अपने उपकेंद्र पर 11 बजे रात तक उपस्थित रहे कर व्यवधान रहित आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। ये निर्देश शुक्रवार को 'अमृत विचार' में 'अफसर मस्त, जनता त्रस्त, नेता व्यस्त' शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्य अभियंता वितरण अशोक कुमार चौरसिया ने दिये।

मुख्य अभियंता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अवर अभियन्ता रात में केंद्रों पर मौजूद रहकर शिकायतों का त्वरित निस्तारण करेंगे। गुणवत्ता परक आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिन अवर अभियंताओं के पास अतिरिक्त कार्यभार है उन उपकेंद्रों पर एसडीओ मौजूद रहेंगे। इसके अलावा निर्देश दिए गए हैं कि सभी सूचनाएं विभागीय व्हाटसप गुरुप पर आदान-प्रदान की जाएंगी। मुख्य अभियंता ने खुद निगरानी की जिम्मेदारी संभाली है। मुख्य अभियंता के इस आदेश को लेकर शुक्रवार को पॉवर कॉर्पोरेशन में खलबली मच गई है। विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य अभियंता के निर्देश के बाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अवर अभियंताओं की जान सांसत में पड़ गई है। अभी तक उपकेंद्र अवर अभियंता के स्थान पर टीजीटू चला रहे थे, जिसके कारण तमाम व्यवधान आ रहा था।







अमृत विचार के शुक्रवार के अंक में प्रकाशित खबर एवं मुख्य अभियंता वितरण द्वारा जारी आदेश।

### नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने तलब किए अफसर

बिजली संकट को लेकर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को ही 'अमृत विचार' से बातचीत में अफसरों को तलब करने की बात कही थी। उन्होंने शुक्रवार को मुख्य अभियंता से लेकर सभी अधिशासी अभियंता तलब किए। विधायक ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह में सुधार लाए वर्ना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बताया जाता है कि नगर विधायक के पास रोज लोग बिजली आपूर्ति के हाल को लेकर शिकायत करने पहुंच रहे हैं।

## स्टेट टीम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**हैदरगंज, अमृत विचार :** स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्टेट लेवल की टीम ने पाराराम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगंज का शुक्रवार को निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर की कमियों को दूर करने का निर्देश दिया। स्टेट कंसलटेंट क्वालिटी इंश्योरेंस स्टेट हेड लखनऊ डॉ. कमल मिश्रा के नेतृत्व में टीम शुक्रवार सुबह अस्पताल निरीक्षण करने पहुंची। करीब दो घंटे अस्पताल परिसर के ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, फार्मेसी, प्रसव कक्ष, इमरजेंसी सहित पूरे अस्पताल की जांच की। अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार को मुख्य गेट के सामने स्ट्रेचर से मरीजों को लाने के लिए रैंप का निर्माण, परिसर में पार्किंग की व्यवस्था, मरीज के लिए इमरजेंसी कक्ष की संख्या बढ़ाने के लिए कहा। अधीक्षक ने अस्पताल के द्वितीय तल पर सीसीटीवी कैमरा जांच अधिकारी से लगाने के लिए मांग की है। इस दौरान डॉ. अब्दुल कादिर, डॉ. अखिलेश कुमार, फार्मासिस्ट विनय कुमार सिंह, सचिन कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मारपीट के मामले में तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

**हैदरगंज, अयोध्या/अमृत विचार :** थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम पछियाना बड़ी इंती में नौ जून की रात हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता गुड्डा पत्नी चौथी निषाद ने बताया कि 9 जून की रात बाग में बने घर में बेटा संतोष व बहू रेनू सो रही थी। गांव के ही राजकुमार, उसकी पत्नी राजेश्वरी व रिंकू, संदीप ने धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर में चल रहा है। थाना प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### संविदा कर्मचारियों का धरना जारी



मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर प्रदर्शन करते निविदा संविदा कर्मचारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश अयोध्या जोन के बैनर तले मुख्य अभियंता वितरण के कार्यालय पर चल रहा निविदा /संविदा कर्मचारियों का धरना शुक्रवार को 53वें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी मांग को दोहराते हुए कहा की हम लोगों को निर्बल समझ कर मुख्य अभियंता अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं। धरना-प्रदर्शन में प्रांतीय मंत्री रघुवंश मिश्रा, रुदौली खंड के अध्यक्ष सत्येंद्र पांडे, विद्युत मजदूर पंचायत के जनपद अध्यक्ष जय गोविंद, सुजीत सिंह, सत्येंद्र पांडेय, अमन तिवारी, विनय मौर्या आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**सोहावल/बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महोली मजरे गुलालपर गांव के पास एक खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पाया गया। वन दरोगा मिश्रीलाल मोर के मृत शरीर को एक बोरी में भरकर बाइक की सीट पर रस्सी से बांधकर पोस्टमार्टम कराने की बात कहकर अपने साथ ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वन विभाग के कर्मी ने नियमों की धज्जियाँ उड़ाई। क्षेत्रीय वन रक्षक ने बताया कि पीएम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। स्थानीय पशु चिकित्सालय के डॉक्टर से पोस्टमार्टम की जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उनको इसकी कोई सूचना नहीं है। सोहावल उपमुख्य चिकित्साधिकारी मनोज वर्मा ने बताया कि ऐसी कोई सूचना उनके पास नहीं है। क्षेत्रीय वन अधिकारी रतनेन्द्र त्रिगुनायक ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार शासन की गाइडलाइन के अनुसार किया जाता है। यदि गाइड लाइन का पालन नहीं हुआ है तो जाँच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी को मिली जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार।** शादी का झांसा देकर छह साल से युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी की कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। यह आदेश जिला जज रंणजय वर्मा की अदालत से शुक्रवार को हुआ है। अधिवक्ता केके सिंह ने बताया कि रौनाही गांव के संतोष पर आरोप था कि उसने एक गांव की रहने वाली युवती से शादी का झांसा देकर छह साल से दुष्कर्म किया। 20 फरवरी 2025 को उसने जब शादी करने से इनकार कर दिया तो युवती की मां की तरफ से इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपी संतोष की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

### दुकान में लगी आग, सामान जला

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत रामघाट हाल्ट के पास बृहस्पतिवार रात 11 बजे जूते-चप्पल की एक दुकान में अचानक आग लग गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी मनोज शर्मा व नयाघाट प्रभारी अनुराग पाठक मौके पर पहुंचे और फायर बिग्रेड को सूचना दी। कोतवाल ने बताया कि झिलाई बाजार, मनकापुर गोंडा निवासी राजमणि मिश्र की दुकान को अयोध्या निवासी रामकुमार उपाध्याय किराए पर लेकर जूता-चप्पल बेंचते थे। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। फायर बिग्रेड और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। इसके बावजूद हजारों का सामान जल गया।



### प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने कौशलपुरी के योगकेंद्र पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया। इसमें अहमदाबाद में पलेन क्रैश में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। शोकसभा में परिषद के अध्यक्ष श्रीप्रकाश पाठक, संरक्षक जेपी द्विवेदी, कैप्टन पारस नाथ पांडे, कैप्टन हनुमान दत्त मिश्रा, कैप्टन अमरजीत सिंह, कैप्टन बृजेश कुमार सिंह, सूबेदार मेजर बेलेंडर भूषण मिश्रा, सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा व हवलदार रणविजय सिंह सहित पूर्व सैनिक और क्षेत्र के गण मान्य लोग मौजूद थे।

## करंट लगने से अध्यापिका की मौत

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** गयासपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत तारडीह मजरे पौहान निवासी बंशीधर तिवारी की पुत्री ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा में हिंदी की अध्यापिका प्रीति पांडेय (28) की करंट लगने से मौत हो गई, वह मायके आई हुईं थी। वह शुक्रवार शाम पंखा चलाने जा रही थी, इस दौरान तार में उतरे करंट की चपेट में आ गईं। प्रीति का विवाह पूरा ब्लॉक के शांतिपुर में हुआ था। उनका एक लड़का भी है।



प्रीति पांडेय (फाइल फोटो)

# बिड़ला धर्मशाला में कमरा बुक करने के नाम पर ठगी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद से अलग-अलग तरीकों से साइबर ठगी करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इसका शिकार नागपुर महाराष्ट्र का एक परिवार हुआ है। उससे 62 सौ रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित ने ऑनलाइन माध्यम से बिड़ला धर्मशाला में दो कमरे बुक कराए, जब वह अयोध्या पहुंचे तो पता चला कि उनका कोई कमरा ही बुक नहीं हुआ है। उन्होंने संबंधित वेबसाइट व आरोपी का पहचान पत्र भी दिखाया, जो फर्जी निकला। धर्मशाला के प्रबंध तंत्र ने स्पष्ट किया कि वह ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं करते।

नागपुर महाराष्ट्र निवासी कृष्णकांत चौबे ने बताया कि उन्होंने वेबसाइट पर बिडला धर्मशाला ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 12 व 13 जून के लिए दो कमरे बुक किए। प्रत्येक कमरा का 1550 रुपये व कुल 6200 रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से जमा किये। बताया कि वेबसाइट पर बाकायदा बिडला धर्मशाला की फोटो व नाम आदि था। शक होने पर वेबसाइट पर दिए गए नंबर पर जब मैंने कॉल की तो उसने मेरे व्हाट्ए एप एक परिचय पत्र भी भेजा। जिसमें फोटो के साथ नाम रमेश शर्मा पता साई नगर न्यू कॉलोनी अयोध्या लिखा हुआ था। बताया कि वह अपने परिवार के साथ 12 जून को जब बिडला धर्मशाला पहुंचे तो मौजूद स्टाफ ने कमरा बुक होने की बात से इनकार करते हुए कहा कि पहले भी ठगी की कई वारदात हो चुकी हैं। इसलिए हम ऑनलाइन बुकिंग ही नहीं करते। बताया कि इसकी शिकायत वह मुख्यमंत्री के पोर्टल पर करेंगे। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।




बिड़ला धर्मशाला की फर्जी वेबसाइट।




आरोपी का फर्जी पहचान पत्र।

**नागपुर के एक परिवार ने ऑनलाइन बुक कराये थे दो कमरे**

## हीट-वेव : छात्रों के लिए ग्रीष्मावकाश 30 जून तक

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 15 जून तक घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ा दिया गया है। बीएसए संतोष कुमार राय ने शुक्रवार को बताया कि गर्मी व हीट-वेव के दृष्टिगत 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है। विद्यालय में 01 जुलाई से नियमित पठन पाठन शुरू होगा। जबकि 16 जून से शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक, प्रशासकीय व अन्य कार्य करेंगे। मान्यता प्राप्त विद्यालयों की प्रबन्ध समिति यथावश्यक निर्णय लेने के लिये अधिकृत होगी।

**विमान क्रैश** — रामनगरी का मेडिकल छात्र अक्षत खतरे से बाहर, प्रधानमंत्री ने जाना हाल

# हाई स्पीड से मेस में घुसा प्लेन और ब्लास्ट हुए सिलेंडर

दिनेश मिश्रा, अयोध्या।

**अमृत विचार:** अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की घटना के दौरान मेस में भोजन कर रहा रामनगरी का घायल छात्र अक्षत अब खतरे से बाहर है। फ़्लाइट और ट्रेन में टिकट न मिलने के बाद परिवार बाई रोड 18 घंटे में उसके पास पहुंच गया। अक्षत अब खतरे से बाहर है।

मौके पर पहुंचे अक्षत के जीजा व दर्शननगर स्थित अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता ने फोन पर बताया कि भीखापुर अयोध्या निवासी राजेश जायसवाल का पुत्र अक्षत बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र है। कहा कि बातचीत में घायल अक्षत ने बताया कि वो गुरुवार को मेस में दोस्तों के साथ भेजन कर रहा था। इसी बीच प्लेन का एक सिरा हाई स्पीड में मेस की दीवार तोड़ता हुआ घुस आया। हम लोग जब तक कुछ समझ पाते किचन में रखे सिलेंडरों में ब्लास्ट होने लगा। इसके बाद अफरातफरी मच गई। इसी दौरान क्रैश प्लेन के कुछ टुकड़े व सिलेंडर फटने से अन्य सामान उन लोगों पर गिरा। बड़ी संख्या छात्र व अन्य जख्मी हो गए। तेज धमाके की वजह से दिखना और सुनाई पड़ना बंद जैसा हो गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल पहुंचकर अक्षत और अन्य घायल छात्रों का हाल जाना। बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

विष्णु गुप्ता ने बताया कि अक्षत सहित सभी घायल छात्रों को उच्चकोटि की व्यवस्थाओं के साथ अलग वार्ड में रखा गया है। अक्षत के दाहिने पैर का ऑपरेशन हुआ है। उसके चेहरे, जबड़े, सिर, हाथ व पैर में भी चोटें आई हैं।

**अक्षत के दाहिने पैर का हुआ ऑपरेशन, जबड़े व सिर में आई हैं चोटें**

**मिली फ़्लाइट न ट्रेन की टिकट, बाई रोड 18 घंटे में पहुंचा परिवार**



बीजे मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के बाद भर्ती प्लेन क्रैश में घायल मेडिकल छात्र अक्षत अपनी माता और बहनोई विष्णु गुप्ता के साथ।

### नहीं रहे अक्षत के कई साथी

अक्षत के पिता राजेश जायसवाल के मोबाइल पर गुरुवार दोपहर हादसे के बाद फोन पर अक्षत के घायल होने की सूचना मिली। राजेश ने बड़े भाई समाजसेवी और प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश जायसवाल के परिवार और संबंधियों को सूचना दी। इसके बाद अक्षत के मम्मी-पापा के साथ अहमदाबाद के लिए कार निकल पड़े। बताया कि लगभग 18 घंटे बाद वहां पहुंचे। अक्षत से मिलकर हाल चाल लिया। अक्षत अभी खतरे से बाहर है लेकिन बेहद घबराया हुआ है। उसके कई साथी दिवंगत हो गए हैं। कई गंभीर अवस्था में भर्ती हैं।

## बादल छाए रहने व हल्की वर्षा होने की संभावना

**अयोध्या, अमृत विचार।** भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने कुछ राहत की खबर दी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शनिवार को बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। करीब एक सप्ताह से रामनगरी भीषण गर्मी की चपेट में है। सुबह से तेज धूप व दोपहर में लू के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल है। रात में भीषण उमस के चलते नींद भी हराम हो रही है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ-साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। हवा सामान्य गति से पूर्वी चलने एवं औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक और बालिका की मौत

## पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** आलापुर तहसील क्षेत्र में दोपहर बाद आई आंधी-पानी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग थाना क्षेत्र में 42 वर्षीय युवक समेत आठ वर्षीय बालिका की मौत हो गई।

आलापुर थाना क्षेत्र के सराय हैबत गांव निवासी सब्जी विक्रेता राकेश कुमार मौर्य 42 शुक्रवार को अपने घर पर मौजूद थे। दोपहर बाद आंधी के साथ बिजली गिरने से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सहित इंस्पेक्टर आलापुर राकेश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के गनपतपुर में घर के सामने खेल रही अमरजीत की आठ वर्षीय बालिका प्राची भी आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गई। परिजनों ने प्राची को जहांगीरगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. उदय चंद यादव ने बच्ची की मृत्यु की पुष्टि की है। स्थानीय महिलाएं और ग्रामीण शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। बसपा विधानसभा अध्यक्ष छेदीराम मौर्य, विधानसभा संयोजक जयप्रकाश मौर्य और बलराम निषाद ने परिवार से मुलाकात की। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता राशि देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले भी बिजली गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने स्कूलों, घरों और सार्वजनिक स्थानों पर लाइटनिंग अरेस्टर लगाने की मांग की है। साथ ही आपदा से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने की भी मांग की है।


आकाशीय बिजली से युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार


युवक की मौत के बाद मौके पर जायजा लेती राजस्व विभाग की टीम। अमृत विचार

### तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ किया निरीक्षण

घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार यादव, लेखपाल अजीत मौर्य, रामउजगिर और कानूनगो श्रीपाल पाण्डेय मौके पर पहुंचे। समाजसेवी रमेश मौर्य, कन्हैया मौर्य, आनंद जायसवाल और सपा नेता प्रद्युम्न यादव ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। स्थानीय प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से मदद दी जाए। साथ ही मृतक के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक और एक मासूम बालिका की मृत्यु से सभी लोग स्तब्ध है। तहसील प्रशासन ने घटना स्थल का निरीक्षण कर हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

# दो किलो हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस और एसओजी की टीम ने की कार्रवाई, अंतरराष्ट्रीय बाजार में साढ़े चार करोड़ है हेरोइन की कीमत

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** कटका पुलिस एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को 4.5 करोड़ रुपए कीमत की हिरोइन के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर तस्करों को न्यायालय भेज दिया गया है।

एसओ कटका प्रेम चंद ने बताया कि कटका पुलिस, एसओजी, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अहिरौली गोविंद साहब के समीप से तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से दो किलो 105 ग्राम नाजायज हिरोइन बरामद हुई है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4.5 करोड़ रुपए है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बृज भूषण पुत्र कमला प्रसाद गौतम निवासी लारपुर दक्षिण थाना जलालपुर, राजेश निषाद पुत्र रामू निषाद निवासी अतरौलिया जनपद अजमगढ़ और प्रमोद कुमार पुत्र राम तीर्थ निवासी ग्राम रन्नुपुर थाना आलापुर शामिल हैं। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है। तस्करों के विरुद्ध जनपद के अलावा गैर जनपद के थानों में भी मुकदमा दर्ज है। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रेमचन्द, उप निरीक्षक अवधेश कुमार श्रीवास्तव, उप निरीक्षक विनोद यादव प्रभारी एसओजी, उप निरीक्षक प्रभाकांत तिवारी प्रभारी सर्विलांस सेल, उप निरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी प्रभारी स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह यादव, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण यादव, हेड कांस्टेबल प्रभात मौर्या एसओजी, हेड कांस्टेबल पुनीत कुमार स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल विकास ओझा स्वाट टीम, कांस्टेबल हेमन्त कुमार सिंह, कांस्टेबल मिलन यादव, कांस्टेबल हरेन्द्र यादव, कांस्टेबल कृष्णकान्त राजभर, कांस्टेबल अजीत कुमार, कांस्टेबल साजिद अली, कांस्टेबल राहुल यादव एसओजी, कांस्टेबल विजेन्द्र कुमार एसओजी, कांस्टेबल शिवम कुमार सर्विलांस सेल शामिल रहे।


मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा करते एएसपी पूर्वी।

### अपर पुलिस अधीक्षक बोले

एएसपी पूर्वी श्याम देव ने बताया कि तीन अपराधियों को पुलिस ने दो किलो से ज्यादा हिरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है। कुछ अन्य राज्यों के नंबर भी तस्करों के पास से मिले हैं, उनकी जांच कराई जा रही है।

## चोरी के मामले में मुकदमा हुआ दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के सोन गांव में चोरों ने गुरुवार की रात मोबाइल और पानी के मोटर का मोनो ब्लाक गायब कर दिया। पीड़ित ने एक युवक पर शक जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बता दें कि सोनगांव निवासी सूबेदार सिंह ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार की रात उसकी और उसके गांव के ही फूलचंद और कपिल मौर्य का मोबाइल तथा कुलदीप का मोटर मोनो ब्लाक चोरों ने गायब कर दिया। पीड़ित ने धर्मवीर उर्फ करिया पर शक जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दिया है।

## 874 पात्रों को मिलेगा शादी अनुदान योजना का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना में वित्तीय वर्ष कके ए 1749 पात्र लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन से प्राप्त बजट में 874 लोगों को योजना का लाभ दिया जा सकेगा। अब तक 68 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्या ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गरीब परिवार की बेटियों की शादी के लिए 20 हजार रुपए का अनुदान दिया जाता है। योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। योजना के लिए कुछ पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। आवेदक को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवेदक की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। शादी के समय लडक़ी की आयु 18 वर्ष और लडक़े की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। आवेदन प्रक्रिया के लिए भी कुछ नियम हैं। शादी की तिथि से 90 दिन पहले या 90 दिन बाद तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एक आवेदक अधिकतम दो बेटियों की शादी के लिए अनुदान प्राप्त कर सकता है।

### सार-संक्षेप

### ग्राम समाज की जमीन पर हो रहा कब्जा


ग्राम समाज की जमीन पर किया जा रहा कब्जा। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कटघर मूसा गांव में कृषि पट्टा की भूमि पर भवन निर्माण कराया जा रहा है। इसी भूमि की आड़ में सडक़ से सटी ग्राम समाज की कीमती भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास है। ग्राम प्रधान मोहम्मद आलम ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है। बता दें कि जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा गांव में बरसों पहले गांव के रामबचन को चार विस्वा भूमि कृषि पट्टा मिला था। रामबचन ने उक्त भूमि को गांव के मोहम्मद ताविस के हाथों बेंच दिया है। मोहम्मद ताबिश ने अब इस भूमि पर भवन निर्माण शुरू करा दिया है और इसी भूमि की आड़ में मोहम्मद ताबिश जलालपुर अकबरपुर लिंक रोड से सटी ग्राम समाज की कीमती जमीन पर भी अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्राम प्रधान मोहम्मद आलम ने जब अवैध कब्जे का विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही है। प्रधान ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है। एसडीएम पवन जायसवाल ने मामले की जांच करा कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### शादी समारोह में मारपीट के मामले में चार पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद के जैतपुर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान तीन युवकों की पिटाई का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना 10 जून की रात की है। बता दें कि जोलहापुर निवासी संजय के पुत्र अमित अपने दोस्त अमन और रमन के साथ रामगढ़ जिवली गांव में एक शादी समारोह में गए थे। आरोप है कि अनिल कुमार, सुनिल कुमार, छोटेलाल और निखिल ने पुरानी रंजिश के चलते अमित को अकेले में बुलाया। आरोपियों ने पहले अमित के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने लाठी और हाथों में पहने कड़ों से अमित पर हमला कर दिया। अमित की मदद के लिए पहुंचे उसके दोस्त अमन और रमन को भी आरोपियों ने लात-घूंसों से पीटा। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। हमले में अमित के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। अमन और रमन भी घायल हुए हैं। जैतपुर थाना प्रभारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर बुधवार देर शाम मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बाहुबली विधायक की 23 करोड़ 42 लाख की संपत्ति कुर्क

**आजमगढ़, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के अभियान के क्रम में शुक्रवार को आजमगढ़ पुलिस द्वारा फूलपुर तहसील अंतर्गत बसही अशरफपुर में सपा के बाहुबली विधायक रमाकांत यादव के परिजनों के नाम पर दर्ज जमीन को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन और तहसीलदार कमल कुमार सिंह के नेतृत्व में कुर्की की कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि बसही अशरफपुर में पूर्व सांसद एवं सपा विधायक रमाकांत यादव के लड़के अरुण कुमार, वरुण कुमार, ऋषिकान्त, रजनीकान्त और दोनों पत्नियों रंजना व सत्यभामा एवं भांजे इन्द्रसेन के नाम पर आपराधिक गतिविधियों से अर्जित की गई जमीन को कुर्क किया गया, जिसकी कीमत लगभग 23 करोड़ 42 लाख 81 हजार चार सौ है। गाटों की जमीन की कुर्की के दौरान डुगडुगी पिटवाई गयी। डुगडुगी की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए। कुर्की की कार्रवाई में फूलपुर,पवई, अतरौलिया और अहरौला के थाना की पुलिस मौजूद रही। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजाराम, कोतवाल सच्चिदानंद, थानाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, अमित मिश्रा, सुधीर सिंह, सोनू गिरी, नागेंद्र तिवारी, गजेंद्र सिंह, शैलेश यादव आदि मौजूद रहे।

### सभासद पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद के जहांगीरगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 के सभासद हबीबुर्रहमान पर बीती रात हमला हुआ। वह अपने निर्माणाधीन मकान पर अकेले थे। पीड़ित की ने बताया कि अब्दुल हफीज, मो. हसन और मसीउल्लाह बाइक से आए। तीनों ने हॉकी और रॉड से सभासद पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन्हें जमीन पर गिराकर पीटा। इस दौरान उनके पास मौजूद 20 हजार रुपए की नकदी गायब हो गई। उनका मोबाइल फोन भी टूट गया। घटनास्थल पर शोर सुनकर मेहमूदुल हसन और मोहम्मद आरिफ पहुंचे। उन्हें देखते ही आरोपी भाग गए। डायल 112 और 108 पर सूचना दी गई। एम्बुलेंस से घायल सभासद को जहांगीरगंज पुलिस थाने लाया गया। जहांगीरगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों पर कई धाराएं लगाई गई हैं।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुआ बदलाव

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। अब प्रति जोड़े पर एक लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना में कन्या को 60 हजार रुपए सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 15 हजार रुपए प्रति जोड़ा खर्च किए जाएंगे। जिसमें भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल और विद्युत व्यवस्था शामिल है। साथ ही प्रत्येक जोड़े को 25 हजार रुपए के सामान और उपहार दिए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल ने बताया कि इस वर्ष जरनपद में 579 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक करीब 1300 जोड़ों ने इस योजना के लिए आवेदन किया है। यह योजना उन गरीब परिवारों के लिए है जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है। पहले इस योजना में प्रति जोड़े को मात्र 51 हजार रुपए की सहायता मिलती थी। नई व्यवस्था में राशि बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दी गई है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जल्दीपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर हो रही पंचायत के दौरान दो पक्षों आपस में भिड़ गए। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाना में तहरीर दी है। पुलिस ने शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि जल्दीपुर निवासिनी सीमा पत्नी आशाराम ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसके पति आशाराम और गांव के ही शेर बहादुर यादव के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। शुक्रवार को ग्राम प्रधान भियांव दिलीप यादव ने दोनों पक्षों के बीच समझौते के लिए पंचायत बुलाई थी। पंचायत के दौरान समझौता के समय विपक्षी शेर बहादुर, राज बहादुर, जीत बहादुर पुत्र ढोढई व संतोष, चन्द्र प्रकाश, अभिषेक ने गोलबन्द होकर उसके पति आशाराम पर ईंट पत्थर व डंडे से हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए और बेहोश हो गए। पीडिता ने 112 पर फोन कर शिकायत किया और थाना में तहरीर दी। उधर विपक्षी शेर बहादुर यादव ने बताया कि पंचायत के दौरान कहा सुनी के बीच आशाराम, शिवजोर, दिनेश व रूपेश ने मिल कर उसकी पिटाई कर दी।


कांशीराम आवास में कब्जा जमाए लोगों के विरुद्ध जांच करते तहसीलदार।

### तहसीलदार ने कांशीराम आवास पर की छापेमारी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र के उस्मापुर में बने काशीराम आवास में अवैध रूप से कब्जा जमाई लोगों के विरुद्ध तहसीलदार के नेतृत्व में छापेमारी कर सघन जांच-पड़ताल किया। तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, कोतवाल संतोष सिंह के साथ अचानक शुक्रवार करीब 6:30 बजे दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे जैसे काशीराम आवास कॉलोनी में पहुंचे तो वहां हडक़ंप मच गया। इस दौरान पुलिस के द्वारा लोगों से आधार कार्ड की जांच की गई और अवैध रूप से रह रहे लोगों को तुरंत आवास खाली करने का निर्देश दिया। यहां पर लगभग दर्जनों लोग कई वर्षों से अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे हैं, जहां पर लोगों द्वारा लगातार उंगलियां भी उठ रही थी कि यहां कॉलोनी में अनैतिक कार्य भी किए जाते हैं। जिसको संज्ञान में लेते हुए पद्मेश श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ छापा मारा। इस मौके पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार भी मौजूद रहे।

### टीम ने निर्माण कार्यों की शिकायतों की जांच की

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिला पंचायत में टेंडर जारी करने में बड़ी अनियमितता सामने आई है। पंचम राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 97 कार्यों के लिए 29 मई को टेंडर निकाले गए। इन टेंडरों की निविदा 20 जून को खोली जानी है। जांच में पता चला है कि कई निर्माण कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं। जिनमें मार्ग निर्माण और मरम्मत के काम शामिल हैं। फिर भी इन्हें नए टेंडर में दिखाया गया है। इस अनियमितता की शिकायत शासन तक पहुंची। शासन ने तुरंत जांच के आदेश दिए। शुक्रवार को लखनऊ से विशेष टीम अंबेडकरनगर पहुंची। टीम ने जांच शुरू कर दी है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जितेंद्र कुमार तोमर ने कहा कि लखनऊ से आई टीम निर्माण कार्यों की शिकायतों की जांच कर रही है। जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई हो सकती है।

## ईद-ए-गदीर पर कल होंगे कई कार्यक्रम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** ईदे गदीर के अवसर पर 15 जून रविवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी कड़ी में अंजुमन गुंच्ये अकबरिया मीरानपुर द्वारा भी बड़ा इमामबाड़ा परिसर स्थित जामा मस्जिद में विशेष इबादत और महफिल होगी।

अंजुमन के सचिव यासिर हुसैन ने बताया कि रविवार को दिन में 11 बजे मौलाना अकबर अली वायज विशेष नमाज पढ़ाने के संग अमाल कराएंगे। जबकि तीन बजे से परम्परागत रूप से महफिल आयोजित की जाएगी। जिसमें शायरों के अलावा मौलाना मोहम्मद अब्बास व मौलाना शारिब अब्बास प्रतिभाग करेंगे। बताया गया कि 18 जिलहिज्जा वह ऐतिहासिक दिन है, जब पैगम्बरे इस्लाम ने 10 हिजरी में हजरत अली को खुम के मैदान में मौजूद सवा लाख हाजियों की उपस्थिति में अपना वसी यानी उत्तराधिकारी चुना था। ईद-ए-गदीर इस्लाम धर्म की सबसे बड़ी और महान ईदों में से एक है, जिसे ईद-उल-अकबर भी कहा जाता है। कार्यक्रम की तैयारी में कमर अब्बास, शुजाअत अब्बास, समीर, राशिद, वसी, सलमान एवं मसर्रत हुसैन व्यस्त हैं।


शिया जामा मस्जिद मीरानपुर। अमृत विचार

# नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे रोक: डीएम

**संवाददाता, आजमगढ़।** डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वापक नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मादक पदार्थों की तस्करी, अफीम या भांग की अवैध खेती, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी व दुरुपयोग, नशीली दवाओं की जांच हेतु आवश्यक उपकरणों एवं अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नशीली पदार्थ की तस्करी में बार-बार पकड़े जाने वाले अभियुक्तों के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में प्रतिबन्धित दवाओं की तस्करी एवं दुरूपयोग नही होना चाहिए। उन्होने कहा कि दवा विक्रेताओं को निर्देशित करें कि किसी भी दशा में बिना चिकित्सकीय परामर्श के किसी भी व्यक्ति को नार्कोटिक्स दवाओं की बिक्री न करें। उन्होने निर्देश दिया कि फार्मासिस्ट के बिना संचालित मेडिकल स्टोर पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री नही होनी चाहिए, इसके लिए अभियान चलाकर जनपद के इन्ट्री प्वाइण्ट पर जनपद के अन्दर आने एवं जनपद के बाहर जाने वाले वाहनों की चेकिंग करें। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय बनाकर विद्यालयों में अभियान चलाकर नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली बीमारियों के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं को जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एक पम्पलेट छपवाये, जिसमे नशीले पदार्थ से होने वाली बीमारियों का उल्लेख करें तथा प्रत्येक स्कूल/कॉलेजों के प्रधानाचार्य विद्यालय के बाहर, कक्षा के बाहर तथा प्रधानाचार्य कक्ष के बाहर पंपलेट चस्पा करें। बैठक में एसपी ट्रैफिक, एसीएमओ डॉ. आलेन्द्र आदि मौजूद रहे।


समीक्षा बैठक में दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार। अमृत विचार

## विवाद में लाठी-डंडे से पीटकर वृद्धा की हत्या

**आजमगढ़, अमृत विचार।** जिले के मेंहनगर थाना क्षेत्र के कटात चक कटात गांव में गुरुवार की रात को वृद्धा की लाठी-डंडे से प्रहार कर हत्या कर दी गयी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्यवाही में जुटी है।

जानकारी के अनुसार मेंहनगर थाने के कटात चक कटात गांव निवासी मोती लाल राम की भैंस गुरुवार की रात को करीब साढ़े नौ बजे खूंटे से रस्सी छुड़ाकर बगल में बंधी मोती के बड़े भाई पतिराम के भैंस को मार दिया। भैंस के आपस में लड़ने की बात को लेकर मोती लाल की पत्नी धर्मा का अपनी जेठानी 65 वर्षीया बाढ़ी देवी पत्नी पतिराम से कहा-सुनी होने लगी। तभी मोती राम मौके पर आ गए। उन्होंने अपनी भाभी बाढ़ी देवी को लाठी-डंडा से हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर आयी पुलिस ने घायल वृद्धा को सीएचसी पर भेजवा दिया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे चक्रपानपुर सुपर फैसेलिटी अस्पताल पर रेफर कर दिया। रात साढ़े ग्यारह बजे बाढ़ी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया।

**लापरवाही** नगरपालिका के जिम्मेदारों ने बताया कि बीड़ी या सिगरेट पीकर फेंके जाने से लगी है आग

# नपा की मनमानी से सड़क किनारे पेड़ों में लग रही आग

▸▸ वन क्षेत्राधिकारी की दोहरी नीति के चलते आग कैसी लगी इसका नहीं लगाया जा सका है पता

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** एक माह पूर्व सडक़ के किनारे लगे पेड़ों में आग लगने से जहां दर्जनों पेड़ जलकर नष्ट हो गए, वहीं गुरुवार को भी वहां से धुआं निकल रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन हाथ पे हाथ रखे बैठा हुआ है। सुलगते आग से लोगों में चिंता सता रही है की कही आग पुनः विकराल रूप धारण न कर ले।

बता दें कि जलालपुर-अकबरपुर रोड के किनारे एक माह पूर्व आग लगने से कई दर्जन पेड़ जलकर नष्ट हो गए, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब इस मामले को समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किया गया तो प्रशासन ने आनन-फानन में वहां अग्निशमन की गाडियों को भेज कर आग को बुझवाया, लेकिन एक महीने बाद भी उस स्थान पर आग सुलग रही है। स्थानीय लोगों की माने तो सडक़ के किनारे नगर पालिका द्वारा कूड़ा गिराया जाता है। जिसे नष्ट करने के लिए उसमें आग लगा दी जाती है, जिसके चलते यह पेड़ जल गए हैं। इससे पूर्व भी इसी तरीके से नगर पालिका द्वारा कूड़े में आग लगाए जाने से कई पेड़ जलकर नष्ट हो गए थे। वहीं मामले में तत्कालीन वनक्षेत्राधिकारी आरबी सिंह द्वारा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के ऊपर लगभग 70 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था, लेकिन नगर पालिका इसके बावजूद भी अपने आदत में सुधार नहीं ला रही है। नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि किसी के द्वारा बीड़ी या सिगरेट पीकर फेंक दिया गया है, जिससे आग लग गई थी। इसी बात की पुष्टि वन विभाग के क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार भी कर रहे हैं। लेकिन मौजूदा वन क्षेत्राधिकारी के दोहरी नीति के चलते आग कैसी लगी इसका पता नहीं लगाया जा सका है। वहीं नगर पालिका की मनमानी के चलते अक्सर इन पेड़ों में आग लगने की घटनाएं होती रहती है। जिसके चलते पेड़ जलकर नष्ट हो जाते हैं।

जिम्मेदार अधिकारी बोले : इस संबंध में जब वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि जल्द ही आग को बुझाने का कार्य किया जाएगा। साथ साथ ही आग लगने के कारणों का भी पता लगाया जाएगा।


जलालपुर-अकबरपुर रोड के किनारे पेड़ों से निकलता धुआं। अमृत विचार

### चोरों ने घर पर बोला धावा लाखों का सामान किया पार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मरैला गांव में चोरों ने एलआईसी एजेंट प्रीतम पाल के घर को निशाना बनाया। गुरुवार रात को हुई इस चोरी में चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोडक़र घर में घुसे। घर में रखी अलमारियों से सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपये का सामान पार कर दिया। प्रीतम पाल अकबरपुर-मालीपुर मार्ग पर स्थित अपने मकान को बंद कर परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। सुबह पड़ोसियों ने घर का टूटा ताला देखा तो उन्हें सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रीतम पाल ने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और कीमती वस्तुएं गायब थीं। सूचना मिलते ही मरैला चौकी प्रभारी राजेश यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी के समय इलाके में पुलिस की कोई गश्त नहीं थी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भीषण गर्मी में बिजली संकट से लोग बेहाल

## विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपभोक्ताओं के फोन कॉल अवश्य उठाएं : डीएम

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार।** उतरौला क्षेत्र में इन दिनों बिजली की भारी कटौती से आम जनता भीषण गर्मी में त्रस्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन न करते हुए मनमानी पर उतारू हैं। रात-रात भर बिजली गुल रहने के कारण लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं बच्चे, बुजुर्ग और मरीज इस उमस भरी गर्मी में बेहाल हैं।

जिलाधिकारी की स्पष्ट निर्देश है कि विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपभोक्ताओं के फोन कॉल अवश्य उठाएं और समस्या का समाधान करें। लेकिन




जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। चाहे वह उतरौला के जेई पवन कुमार हों, या आई.पी.डी.एस. के जेई रविंद्र कुमार, अथवा अन्य संबंधित कर्मचारी - उपभोक्ताओं के फोन उठाना इनकी प्राथमिकता में नहीं है। इससे साफ झलकता है कि विभागीय जवाबदेही पूरी तरह शिथिल हो गई है।

क्षेत्र में 42 ट्रांसफॉर्मर, लेकिन जर्जर तार और रोज़ाना फॉल्ट उतरौला क्षेत्र में छोटे-बड़े कुल 42 ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं, लेकिन

### कागज़ी कार्यवाही बनाम वास्तविकता

लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग का अधिकांश कार्य सिर्फ कागज़ों तक सीमित है। मौके पर न तो कोई निरीक्षण होता है, न ही समय से सुधार कार्य। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी जनसमस्याओं को लेकर न तो उचित उत्तर देते हैं और न ही फोन कॉल उठाना जरूरी समझते हैं।

विद्युत आपूर्ति करने वाली लाइनों की स्थिति अत्यंत खराब है। अधिकांश विद्युत तार पुराने, जर्जर और असुरक्षित हो चुके हैं, जिससे आए दिन कई स्थानों पर फॉल्ट होता रहता है। विभाग द्वारा केवल औपचारिक और अस्थायी मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी जाती है, जिससे स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

### सर्दियों में बिजली कटौती का वादा, गर्मियों में आपूर्ति ठप

स्थानीय निवासियों ने बताया कि ठंड के मौसम में विभाग द्वारा दिनभर बिजली कटौती कर यह दावा किया गया था कि गर्मियों के लिए बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। लेकिन अब सवाल उठता है कि आखिर वह तैयारी कहां है? गर्मी की शुरुआत के साथ ही बिजली संकट और गहरा गया है।

### उपभोक्ताओं पर दबाव, समाधान नहीं

जब उपभोक्ता बिजली समस्या की शिकायत करते हैं, तो अधिकारी समाधान करने के बजाय बिजली बिल के भुगतान पर दबाव बनाना शुरू कर देते हैं। कई बार विभागीय कर्मियों की भाषा भी अपमानजनक और गुस्से से भरी होती है, जिससे आम नागरिकों को अपमानित और असहाय महसूस होता है।

### न्यायिक अपील और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस पूरे मामले में जिलाधिकारी बलरामपुर व ऊर्जा मंत्रालय से हस्तक्षेप करने की मांग की है। जनता की अपील है कि विद्युत विभाग के गैर-जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो, जर्जर तारों को बदला जाए और विद्युत आपूर्ति को स्थिर

# बाल श्रम निषेध दिवस पर किया जागरूक

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर जनपद में श्रम विभाग एवं गैर सरकारी संगठन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाल श्रम निषेध जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जागरूकता रथ द्वारा विभिन्न स्थलों, रेलवे स्टेशन, प्रमुख बाजार विकासखंड आदि पर भ्रमण कर प्रचार प्रसार किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम विभाग के साथ गैर सरकारी संगठन प्रोग्राम लीड, रोज संस्थान द्वारा बचपन बचाओ शिक्षा दिलाओ, पढ़ेगा भारत तभी तो बढ़ेगा भारत, हमारे गांव में श्रमिक बच्चे नहीं एवं स्कूल वापसी नया जीवन पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकास भवन परिसर में गोष्ठी का आयोजन हुआ गोष्ठी में जनमानस को बाल श्रम अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी सहायक श्रम आयुक्त द्वारा दी गई।



जागरूकता रथ को झंडा दिखा कर रवाना करते विधायक व डीएम। अमृत विचार

# युवती को अगवा कर किया सामूहिक दुष्कर्म



- जिला अस्पताल में छोड़कर भाग निकले आरोपी
- होश में आने पर पीड़िता ने बताई आरोपियों की करतूत, जांच में जुटी पुलिस

**गोंडा, अमृत विचार :** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती को उसके गांव के रहने वाले चार युवक बृहस्पतिवार को अगवा कर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती की तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गए। शुक्रवार को होश में आने पर पीड़िता ने आरोपियों की करतूत बताई। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह का कहना है कि घटना की जानकारी मिली है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगायी गयी है।

# कथा में जन्मोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु



व्यास पीठ के आचार्य का सम्मान करते आयोजक। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार:** झझरी ब्लॉक क्षेत्र के नरायनपुर वली ग्राम पंचायत में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अयोध्या के कथावाचक डॉ स्वामी उद्धव शरण को विनोद शुक्ल, रानू शुक्ल, शालू और सुशील शुक्ल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कथा व्यास ने भगवान जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए कहा कि पृथ्वी के भार को उतारने के लिए भगवान श्याम सुंदर देवकी नंदन का जन्म मथुरा में कंस के कारागार में हुआ। इस दौरान कैसरगंज सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह,पंडित गोवर्धन मिश्र,लाल बाबू तिवारी,बब्बू ओझा, मनोज मिश्रा, रंजीत पांडे, ननकऊ शुक्ला मौजूद रहे।

# राप्ती पर अधूरा तटबंध बना आफत का कारण

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले के तुलसीपुर तहसील अन्तर्गत भोजपुर शाहपुर और डिहवा गांवों के बीच राप्ती नदी पर वर्षों से अधूरा पड़ा तटबन्ध आज भी क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। विभागीय लापरवाही के चलते इस एक किलोमीटर के गैपिंग (ब्रेकअप) से हर वर्ष भारी तबाही होती है। इसके कारण लगभग 85 गांवों की आबादी बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित होती है। वहीं 50,000 से अधिक किसान परिवारों की फसलें हर साल बर्बाद हो जाती हैं।

ग्रामीणों ने प्रमुख सचिव सिंचाई विभाग, मुख्य अभियन्ता गंडक, देवीपाटन मंडल के कमिश्नर और जिलाधिकारी बलरामपुर सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि इस अधूरे



अधूरे तटबंध को बनाने की मांग करते ग्रामीण। अमृत विचार

तटबन्ध का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 25–30 वर्ष पहले राप्ती नदी के किनारे बाढ़ से सुरक्षा के उद्देश्य से 102 किलोमीटर लंबा तटबन्ध भारी लागत पर तैयार किया गया था। लेकिन भोजपुर शाहपुर और डिहवा गांवों के बीच एक किलोमीटर का हिस्सा अब तक अधूरा है। ग्रामीण धर्मेन्द्र मिश्रा, बेनी माधव, बबलू सिंह, घनश्याम, राजेन्द्र सिंह, साधू, बृजलाल यादव, गोकरन, अनिल कुमार, अनूप सिंह, संजय और राधेश्याम ने प्रशासन से पुनः अपील की है कि इस एक किलोमीटर तटबन्ध का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए।

# 280 नए बच्चे अटल आवासीय विद्यालय में करेंगे पढ़ाई

- सत्र संचालन के लिए पोर्टल के माध्यम से की जाए सामग्रियों की खरीद

**गोंडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय के वर्तमान शैक्षिक क्षेत्र के संचालन के संबंध में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की गई। बैठक में विद्यालय संचालन के लिए विभिन्न सामग्रियों जैसे फर्नीचर, आईटी उपकरण, दैनिक उपयोग, खेल सामग्री, यूनिफॉर्म, पुस्तकें, लेखन सामग्री, लाइब्रेरी की पुस्तकें, दवाएं एवं मेस मैनेजमेंट सर्विस, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस आदि को जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने पर चर्चा की गई।

इसके अलावा अटल आवासीय विद्यालय समिति के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षक के अनुबंध विस्तार एवं नवीनीकरण के संबंध में भी चर्चा की गयी। उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा ने बताया बजट प्राप्त हो गया है। वर्तमान सत्र में चयनित बच्चों के संबंध में आयुक्त द्वारा जानकारी करने पर उप श्रमायुक्त ने बताया कि इस शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर 280 बच्चों का चयन हुआ है। इसमें कक्षा 6 स्तर पर 140 एवं कक्षा 9 स्तर पर 140 बच्चों सहित कुल 280 बच्चों का चयन हुआ है। बच्चों के चयन के लिए विगत 16 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। वर्तमान शैक्षिक सत्र का शुभारंभ 1 मई को हो चुका है। आयुक्त ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के लर्निंग का लेवल नियमित रूप से चेक किया जाए।

# चकमार्ग पर अतिक्रमण मामले में लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि

**गोंडा, अमृत विचार :** तहसील मनकापुर के लेखपाल अम्बिकेश्वर प्रताप के विरुद्ध शुक्रवार को मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित करते हुए उन्हें कठोर चेतावनी दी गई है। ग्राम बन्दरहा, परगना बभनीपायर, तहसील मनकापुर निवासी जगदीश प्रसाद ने चकमार्ग गाटा संख्या-4 एवं गाटा संख्या-11 पर अतिक्रमण हटवाने के लिए शिकायती पत्र दिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने बिना स्थलीय निरीक्षण एवं वादकारी का पक्ष सुने एक भ्रामक, सतही व अपूर्ण आख्या प्रेषित की गई। न तो उक्त रिपोर्ट में स्पॉट मेमो संलग्न किया गया और न ही निष्पक्ष गवाहों के हस्ताक्षर किये गए। जिलाधिकारी ने प्रकरण की विस्तृत समीक्षा में पाया कि संबंधित लेखपाल ने अपने पदीय कर्तव्यों का पालन नहीं किया और जनशिकायत के प्रति घोर उपेक्षा का भाव प्रदर्शित किया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने लेखपाल अम्बिकेश्वर प्रताप के विरुद्ध मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज करने का निर्णय लिया गया है, जो उनकी सेवा पुस्तिका में एक नकारात्मक प्रशासकीय अभिलेख के रूप में स्थायी रूप से अंकित रहेगा।

मुश्किल | डेढ़ साल से बंद पड़ी पेयजल योजना

# ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा पीने का पानी

संवाददाता, गैंसड़ी, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने की योजना जहां सरकार की प्राथमिकता है वहीं जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। बलरामपुर जनपद के विकास खंड गैसड़ी की ग्राम पंचायत बनगाई में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकी और पाइपलाइन सिस्टम पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ा है।

वर्ष 2014-15 में जल निगम ने यहां 203 लाख रुपये खर्च कर पेयजल टंकी का निर्माण कराया था। इस योजना के तहत बनगाई समेत सात गांव पुरवा प्रथम, पुरवा द्वितीय, रहमरवा, फोहरा, गोदनहवा, लल्लनपुरवा और महदेइया के करीब 5000 लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति का वादा किया गया था। इसके लिए 17.35 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन भी बिछाई गई।



बंद पड़ी पानी टंकी शुरू करने के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

शुरुआत में कुछ समय तक पानी की आपूर्ति हुई लेकिन बाद में यह पूरी तरह बंद हो गई। अब हालत यह है कि डेढ़ वर्ष से ग्रामीणों को एक बूंद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव निवासी सुरजीत के अनुसार टंकी से पानी की सप्लाई लंबे समय से ठप है और नियुक्त ऑपरेटर भी नदारद रहता है। कई जगहों पर पाइपलाइन टूट चुकी है। स्थिति से नाराज ग्रामीण नाजिम, नान बाबू, राम प्रसाद, मालिक राम, चंद्रशेखर, मुन्ने, रामसूरत, लाल बाबू, राजाराम, नानमून, टिक्कू और संदीप ने विभागीय लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी की और मांग की कि जल आपूर्ति तुरंत शुरू कराई जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण संदीप सिंह ने बताया कि उन्हें अब इसकी जानकारी मिली है। कार्यदायी संस्था को टंकी को दोबारा चालू कर पेयजल आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया गया है।

### न्यायालय के आदेश पर पॉक्सो के आरोपी के घर मुनादी

**मनकापुर, गोंडा :** पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट से जारी आदेश के अनुपालन में मनकापुर पुलिस ने उसके घर मुनादी कर न्यायालय के निर्देशों की सार्वजनिक घोषणा की। मिली जानकारी के अनुसार, एक ग्रामीण परिवार की नाबालिग बेटी को 4 मार्च 2025 की रात बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना हुई थी। परिजनों की खोजबीन में पता चला कि आरोपी विनोद कुमार उर्फ पालन पुत्र अशर्फीलाल, निवासी दुर्जनपुर, थाना वजीरगंज लड़की को अपने साथ ले गया। मामले में नाबालिग के चाचा की तहरीर पर मनकापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी के फरार होने के कारण विशेष न्यायालय ने धारा 84 के तहत नोटिस जारी किया। पुलिस का कहना है कि यदि आरोपी नियत तिथि पर अदालत में उपस्थित नहीं होता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**बलरामपुर :** जिला कांग्रेस कमेटी ने जनपद मुख्यालय के कैम्प कार्यालय पर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।श्रद्धांजलि सभा जिला अध्यक्ष शिवलाल कोरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।सभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी उमाशंकर तिवारी कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम मिश्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र पांडेय बलरामपुर नगर अध्यक्ष शाहिद हसन टीपू, बृजेश चौहान,श्यामलाल शुक्ला, श्याम देव तिवारी,राहुल,सुरेंद्र, राजकुमार यादव, विशाल उपाध्याय सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वृद्ध ने नदी में कूद कर दी जान

**बलरामपुर।** चील्हीखुर्द रोवारी गांव निवासी वृद्ध रमेश सिंह ने राप्ती नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। परिवारजनों का आरोप है कि गोंडा के परसपुर थाना के आटापुरे जुड़ावनसिंह गांव के ओम प्रताप सिंह द्वारा जबरिया ब्याज मांगने और उठा ले जाने की धमकी से क्षुब्ध होकर रमेश सिंह ने आत्महत्या की। परिवारजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले को रफ-दफा करने की कोशिश की और आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली की। तुलसीपुर क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय के पहुंचने पर ओमप्रताप उर्फ पंडित सिंह, उनके बेटे बृजेश सिंह और मृतक के भाई सुरेंद्र सिंह के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया। मृतक के बेटे रजनीश का आरोप है कि पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की और आरोपितों को भागने का मौका दिया। पुलिस की लापरवाही के कारण ही उनके पिता की जान गई है।

### खंड विकास अधिकारी को दी भावभीनी विदाई

**गैसड़ी, बलरामपुर।** स्थानीय ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार पांडेय का स्थानांतरण होने के बाद उन्हें समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर नवागंतुक खंड विकास अधिकारी रजनीश कुमार शुक्ला और ज्वाइंट खंड विकास अधिकारी राम किशुन का स्वागत किया गया। ब्लॉक प्रमुख जगदम्बा सिंह शक्ति सिंह ने कहा कि अवनींद्र कुमार पांडेय के व्यवहार ने सभी का दिल जीत लिया था।

### भाजपा सरकार पर सपा ने जमकर बोला हमला

**महदेईया बाजार, बलरामपुर।** सदर विधानसभा बलरामपुर के मुजहनी गांव मे बुधवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए जनचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राम सागर अकेला के द्वारा की गयी। गैसडी के विधायक राकेश यादव मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रहे। विधायक राकेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार कि नीतियों से जनता परेशान है , समाजवादी पार्टी ही गरीबों, नौजवानों, किसानों व पिछड़ो को न्याय दिला सकती है। पूर्व विधायक राम सागर अकेला ने यह भी कहा कि 2027 मे प्रदेश मे समाजवाद का नया सूरज उदय होगा और अखिलेश यादव के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश मे लोकतंत्र और संविधान कि असली तस्वीर दिखेगी।

### आर्मी व अग्निवीर योजना में भर्ती के लिए किया जागरूक

**बलरामपुर।** 51 वीं यू पी बटालियन एनसीसी बलरामपुर एवं आर्मी रिक्रूटमेंट विभाग बरेली के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में अग्निवीर योजना में भर्ती हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एन सी सी से जुड़े कैडेटों व अन्य युवाओं को आर्मी व अग्निवीर में भर्ती के लिए प्रोत्साहित किया गया। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल के निर्देशन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बटालियन के सूबेदार मेजर बिनय घोष ने कैडेटों व युवाओं का आह्वान किया कि अग्निवीर योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में चार साल के लिए शामिल होने का एक अवसर प्रदान करना है। ऑनलाइन आवेदन प्रति वर्ष मार्च/ अप्रैल माह में joinindianarmy .nic .in पर किए जा सकते हैं।

### सड़क न होने से आवागमन में बाधा

**गोंडा :** सड़क न बनने से ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सड़क निर्माण कराए जाने की गुहार लगाई है। मामला विकासखंड झझरी के बूढ़ा देवरा गांव का है। सड़क न बनने से ग्रामीण काफी आहत है सभी लोगों ने जिलाधिकारी से तत्काल निर्माण कर जाने की मांग की है। शिकायत पत्र देने वालों में संतोष त्यागी, शांति देवी अभिषेक ओझा, नूर अली, अजय मोहम्मद, उमर मोहम्मद फारूक, ऑन मोहम्मद, उदय नारायण तिवारी, लव कुमार, रेखा आदि ग्रामीण है।

## सार-संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों की सूची हो रही तैयार

**बलरामपुर।** जिले की उन ग्राम पंचायतों की सूची तैयार की जा रही है जिन्होंने महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं या जिन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह पहल जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा की जा रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि सभी विकासखंडों से ऐसी पंचायतों की पहचान कर 15 जून तक सूची विभागीय ई-मेल पर भेजनी है। इसके आधार पर चयनित किसी एक ग्राम पंचायत के प्रधान को 15 अगस्त के अवसर पर दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड में शामिल होने का अवसर मिलेगा। उम्मीद की जा रही है कि जिले से कोई एक ग्राम प्रधान राष्ट्रीय मंच पर पहुंचकर जिले का नाम रोशन करेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों ने अपने क्षेत्र में समग्र विकास को बढ़ावा दिया है। और विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है उन्हें सूची में स्थान मिलेगा। विभागीय स्तर पर चयन का कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि समय पर नामांकन भेजा जा सके।

### स्वैच्छिक रक्तदान के लिए चिकित्सकों ने लिया संकल्प

**बलरामपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस की पूर्व संध्या पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान करने और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजकुमार वर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल की गुणवत्ता प्रबंधक डॉ. रुचि पांडेय ने रक्त की आवश्यकता और इसकी निरंतर उपलब्धता पर बल देते हुए लोगों को शपथ दिलाई।

### ताइक्वांडो में बलरामपुर बना ओवरऑल चैंपियन




ताइक्वांडो ओवरऑल चैंपियन बलरामपुर की टीम। अमृत विचार

**बलरामपुर।** भारतीय ताइक्वांडो मास्टर्स यूनियन के तत्वावधान में आयोजित नॉर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बलरामपुर की ताइक्वांडो टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण, 16 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता 1 से 3 जून तक शारदा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई थी जिसमें बलरामपुर सहित वाराणसी, मिर्जापुर, गाजीपुर, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर, सिद्धार्थनगर, मेरठ और श्रावस्ती की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर बलरामपुर की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलरामपुर ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रांजल त्रिपाठी ने की।

### सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर उठा ले गए चोर

**धानेपुर :** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के मजरा पसियन गांव स्थित एक अनाज गोदाम का शटर काटकर चोर गोदाम के भीतर रखा इंवर्टर, बैटरी व सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर कोटेदार की तरफ से तहरीर दी गयी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। धानेपुर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के मजरा पसियन गांव के रहने वाले उचित दर विक्रेता (कोटेदार )ओम प्रकाश ने शुक्रवार को धानेपुर थाने में तहरीर देकर कहा कि गुरुवार की रात चोरों उनके अनाज गोदाम का शटर काटकर गोदाम में रखा बैटरा ,इनवर्टर व सीसीटीवी कैमरा की डीवीआर उठा ले गए। चोरों ने गोदाम के बाहर लगा दो सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। पीड़ित कोटेदार ने बताया कि इसके पूर्व भी चोरों ने एक सितंबर 2024 को उसके गोदाम का शटर काटकर गोदाम में रखा अनाज समेत लाखों रुपये का माल चोरी कर लिया था। पीड़ित कोटेदार ने बताया कि चोर आए दिन गोदाम को निशाना बना रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पूरे मामले की जांच पड़ताल कराकर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### सरयू में डूबा किशोर, देर शाम तक नहीं मिला सुराग



**करनैलगंज :** श्रीमद्भागवत कथा के लिए सरयू का जल भरने आए श्रद्धालुओं के बीच शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। नदी में नहाते समय एक 14 वर्षीय किशोर का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। देखते ही देखते मौके पर अफरातफरी मच गई और घाट पर कोहराम छा गया। थाना कौड़िया क्षेत्र के ग्राम बेलवा भान निवासी दयाशंकर शुक्ला का पुत्र किशन शुक्ला (14) श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में शामिल होने अपने ननिहाल ग्राम नकहा, थाना कटरा बाजार आया हुआ था। कथा आयोजन के पूर्व शुक्रवार को सरयू जल लेने के लिए श्रद्धालु दो दर्जन से अधिक वाहनों से पहुंचे थे। उन्हीं के साथ किशन भी नदी घाट पर आया था। नहाते समय अचानक किशन का पैर फिसला और वह नदी की गहराई में चला गया। घाट पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। उप निरीक्षक सरफराज खान और मिर्जा वाहिद वेग अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को बुलवाया गया। घाघरा घाट से आए गोताखोरों द्वारा देर शाम तक तलाश की जाती रही, लेकिन किशन का कोई सुराग नहीं मिल सका। किशन दो भाइयों में छोटा था। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मौजूद रहे। तलाश अभियान लगातार जारी है।

### राष्ट्रीय छात्र परिषद के नेतृत्व में हुआ पौधरोपण

**गोंडा :** राष्ट्रीय छात्र परिषद के नेतृत्व में पूरे भारत में पर्यावरण दिवस के अवसर पर 6 जून से 12 जून के बीच वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर गोण्डा जिले के वजीरगंज प्रखंड के अशोकपुर ग्राम सभा में पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय छात्र परिषद प्रांत महामंत्री हर्ष सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण पर संगोष्ठी और वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ धनंजय सिंह थे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने पर जोर देना होगा। यहां आए प्रत्येक व्यक्ति एक वृक्ष लगाने का संकल्प लेकर जाए। महामंत्री ने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की 2018 में हुई स्थापना से लेकर अब तक संगठन के स्थापना के उद्देश्य, विकास आवश्यकता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को विभाग महामंत्री फूल चंद्र आर्य ने भी संबोधित किया। संचालन विभाग संगठन मंत्री शिवराम सिंह ने किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में नीम के वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय छात्र परिषद के प्रांत महामंत्री हर्ष सिंह ने किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर सिंह, बृजेश तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विद्यार्थी परिषद का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका

**गोंडा :** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत का चार दिवसीय प्रांत अभ्यास जिले के एससीपीएम मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को शुरू हुआ। चार दिवसीय अभ्यास वर्ग के उद्घाटन भाषण में एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने कहा कि एबीवीपी व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण एवं समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह संगठन छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का ऐसा मंच है जो बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए साथ-साथ राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए प्रयत्नशील है। इस वर्ग में अवध प्रांत के 26 जिलों से 700 प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, प्रांत अध्यक्ष प्रोफेसर नीतू सिंह, प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई व प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके अभ्यास वर्ग का शुभारंभ किया। प्रांत अध्यक्ष प्रो नीतू सिंह ने अभ्यास वर्ग के लिए प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। प्रोफेसर नीतू सिंह जी ने कहा कि चाहे धारा 370 से लेकर राम मंदिर की बात हो या पूर्वोत्तर क्षेत्र में देश के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले लोगों के खिलाफ बात हो, हमेशा विद्यार्थी परिषद ने सकारात्मक वातावरण बनाने का काम किया है। विद्यार्थी परिषद अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का काम करती है फिर जब व्यक्ति के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है तब वह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सामाजिक समस्याओं एवं सामाजिक मुद्दों पर समाधान तलाशने का काम करती है। राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण में लगने के लिए प्रेरित किया। सफलता को ऐतिहासिक बनाने के लिए उन्होंने विजन, मिशन व एक्शन का मंत्र दिया। राष्ट्रवाद का पाठ भी पढ़ाया। जीवन में अनुशासन की महत्ता को रेखांकित किया। प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 1948 से लेकर अब तक सक्रिय है उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थी परिषद ने हर विकट परिस्थिति में अपनी भूमिका को निभाया है। प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी ने कहा कि कार्यकर्ताओं से रूबरू करने के लिए राष्ट्र ने मैदान में कई युद्ध लड़े और जीते हैं।

# डीएम की चौपाल में उठीं गंभीर शिकायतें

## जिम्मेदारों की लगी क्लास, सुधार न करने पर गिरेगी गाज

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा



ग्राम चौपाल में शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार** : शुक्रवार को करनैलगंज नगर और सकरौरा ग्रामीण में आयोजित जिलाधिकारी की जन चौपाल में विकास कार्यों में धांधली, बिजली कटौती, पानी सप्लाई और भूमि विवाद जैसे तमाम गंभीर मसले सामने आए।

चौपाल की शुरुआत में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इसके बाद जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नगर पालिका, बिजली विभाग और मंडी समिति से जुड़ी समस्याओं पर सख्त रुख अपनाया। नगर पालिका के सभासद सचिन कुमार, अंकुर मौर्या, लक्ष्मी कश्यप, रुकसाना और सिराज ने 1.65 करोड़ की लागत से बन रही कान्हा गौशाला, सरयू घाट सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। डीएम ने तत्काल ईओ सुरभि पांडेय और संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए विस्तृत जांच कराने का आदेश दिया। बिजली आपूर्ति और अनियमित कटौती की शिकायतों पर भी डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जमकर लताड़ा और आपूर्ति सुधारने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी में सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण और जलापूर्ति की बिगड़ती हालत पर चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल और ईओ से मौके पर ही जवाब तलब कर सुधार की चेतावनी दी गई। चौपाल में आए भूमि विवाद से जुड़े मामलों में जिलाधिकारी ने एसडीएम यशवंत राव, तहसीलदार अनु सिंह, नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक को सभी शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। मंडी समिति से जुड़ी शिकायत में आढ़ती राकेश कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया कि दुकान आवंटन के बदले 47,200 रुपये देने के बाद भी कर्मचारी रसीद नहीं दे रहे और धमकी दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने इसमें भी तत्काल जांच व कार्रवाई के आदेश दिए। चौपाल में करीब 150 शिकायतें दर्ज हुईं। इस मौके पर कृषि उप निदेशक, बीडीओ जेएन राव समेत ब्लॉक, तहसील और जिला स्तरीय कई अधिकारी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**गोंडा** : ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे के एक गंभीर प्रकरण में थाना धानेपुर में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्रकरण संपूर्ण समाधान दिवस आई शिकायत में सामने आया था। शकील अहमद पुत्र सलामत ने आरोप लगाया था कि ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर में गाटा संख्या 1225 (क्षेत्रफल 0.0454 हेक्टेयर), जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। उस पर हजारी लाल पुत्र गिरधारी लाल ने अवैध रूप से कब्जा किया है। उक्त भूमि को हिसामुद्दीन, करीमुद्दीन, अख्तरी बानो, इकरार अहमद एवं इरशाद हुसैन को विक्रय कर दिया गया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम को जांच के निर्देश दिए। जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपों को सत्य पाया गया। जिसके आधार पर डीएम ने दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश निर्गत किए।

## एक नजर

### जातिसूचक गाली देते हुए की मारपीट, केस दर्ज

**तरबगंज, गोंडा।** धौरहरा घाट गांव में जातिसूचक गाली देते हुए मारपीट का आरोप लगाते हुए महिला ने थाने पर शिकायत की है। शिकायत में महिला सुनीता देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह हरिजन है। गांव के मुन्डी, संजय व जगदीश आपसी विवाद को लेकर रात 10 बजे घर पर आ गये और जातिसूचक गाली देते हुए उसे व उसकी दो बेटियों को मारे पीटे हैं जिससे तीनों लोगों को चोटे आई हैं। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर एससी-एसटी सहित कई गंभीर धाराओं में तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### एनआई एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा।** पांच साल पहले परक्राम्य लिखत अधिनियम एनआई एक्ट के तहत न्यायालय से वांछित चल रहे बेलवाभान गांव निवासी दीप नारायण को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वांछित को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वांछित की गिरफ्तारी दारोगा अमरजीत सोनकर व आरक्षी सतेंद्र कुमार द्वारा की गई है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रुपईडीह, गोंडा।** कौड़िया के सल्दी बल्दी पुरवा गांव निवासी महीप नारायण द्विवेदी ने थाने में तहरीर देकर यह कहा कि उनके पिता महादेव प्रसाद शुक्रवार को सुबह घर पर बैठे हुए थे तभी पूरेबदल गांव के ननके ने मोटरसाइकिल से अचानक ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए उन्हें बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय ले जाएगा जहां पर उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि अग्रिम विधि कार्रवाई की गई। मामले की विवेचना संजीव चौहान को सौंपी गई है।

### दबंगों ने दिव्यांग को पीटा

**इटियाथोक** : सरकार के लाख प्रयास के बावजूद दबंग अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। दबंग की दबंगई से पूरा परिवार दहशत में है। मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिव पुरिया के मजरा अमारे भरिया से जुड़ा हुआ है। गांव के ही दिनेश पुत्र सिपाही लाल व सूरज पुत्र राजेश कुमार वर्मा ने नान बाबू मौर्य जो कि पैर से विकलांग है, इसकी जबरदस्त पिटाई कर दी। पीड़ित नान बाबू ने स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है। इटियाथोक पुलिस ने दिनेश पुत्र सिपाही लाल व सूरज पुत्र राजेश कुमार वर्मा पर मुकदमा दर्ज किया है।

### फाइनेंस कंपनी का शाखा प्रबंधक 4 लाख लेकर फरार

**नवाबगंज।** वाराणसी के गंगापुर नगर पंचायत के गांधीनगर वार्ड निवासी मनोज कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह मुथूट माइकोफिन लिमिटेड कंपनी में रीजनल प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। कंपनी की एक शाखा कटरा शिवदयाल गंज में स्थित है जिस पर शाखा प्रबंधक के रूप में अभय दूबे निवासी शिवरामपुर तिलंगा संत कबीर नगर कार्यरत थे। बताया कि शाखा प्रबंधक अभय दूबे के पुलिस वेरीफिकेशन में अनियमिता पाए जाने पर कंपनी ने उन्हें निकालने का नोटिस जारी किया था। उसके स्थान पर सौरभ कुमार को कटरा शिवदयाल गंज का शाख प्रबंधक के रूप में भेजा। उसके बाद बुधवार की सुबह करीब छः अभय दूबे ने कंपनी के शाखा का 421002 रूपये कैश तथा सौरभ कुमार की मोटरसाइकिल लेकर चले गए, काफी देर तक वापस नहीं आने पर उनकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### परसपुर थाने में बर्बरतापूर्ण पिटाई की शिकायत की

**गोंडा** : आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने गोंडा के परसपुर थाना में एक अभियुक्त को गिरफ्तारी के बाद कथित रूप से पिटाई किए जाने के संबंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोलू पुत्र देवनारायण सिंह निवासी हट्टी पुरवा, मलांव, थाना परसपुर को एक मुकदमे के संदर्भ में 12 जून 2025 को सुबह गिरफ्तार किए जाने का दावा किया गया। थाने में लाने के बाद उप निरीक्षक रवि प्रकाश यादव ने अक्षय प्रताप के साथ अत्यंत बर्बरतापूर्वक मारपीट की, जो बात 12 जून को समय 2:50 बजे शाम को परसपुर के सरकारी अस्पताल में कराए गए मेडिकल रिपोर्ट से सामने आया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि अक्षय प्रताप के मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार उसके शरीर पर दो बड़े-बड़े चोट हैं।

# अवैध खनन रोकने गई टीम पर किया हमला

**नवाबगंज, अमृत विचार** : अवैध खनन रोकने गई टीम पर हमला कर ट्रैक्टर ट्राली छुड़ा कर खनन माफिया भाग गए। उपनिरीक्षक की तहरीर पर पांच नामजद तथा चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज।

नवाबगंज क्षेत्र के दुर्गा गंज मांझा में चल रहे अवैध खनन को रोकने के लिए जिला खनन अधिकारी डॉ अभय रंजन के नेतृत्व में पहुंची टीम पर खनन माफिया ने हमला कर दिया। टीम के साथ आए उपनिरीक्षक सीताराम दूबे ने थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि बृहस्पतिवार की रात्रि में करीब दस बजे दुर्गा गंज माझा में अवैध खनन की सूचना पर जिला खनन निरीक्षक के नेतृत्व में टीम के साथ रात्रि में करीब साढ़े बारह बजे मौके पर पहुंच कर अवैध मिट्टी खनन कर लोड कर रही नौ ट्रैक्टर ट्राली तथा एक लोडर मशीन को पकड़ा।उसी समय सात -आठ लोग चार मोटरसाइकिल पर आए और उनका तथा साथी आरक्षी एस एन गौतम का कालर पकड़ कर गाली देते हुए खेत में धक्का देकर मोबाइल को छीनने का प्रयास करने लगे और उनके साथ के अन्य लोग खनन में लगे सभी वाहनों को लेकर फरार हो गए और कहा कि अगली बार माझा में आए तो यहीं पर मार कर गाड़ देंगे। टीम ने मौके से कालर पकड़ने वाले युवक को पकड़ लिया।

पूछताछ में उसने अपना नाम गौतम निवासी दुर्गा गंज माझा बताया।कहा कि खनन कोल्हमपुर निवासी पप्पू अंसारी करवा रहे हैं। उसने बताया कि अन्य लोगों में सूरज यादव, उत्तम, अजय यादव, कुतुनु, व चार अन्य लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर गए हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि जिला खनन अधिकारी के टीम के साथ आए उपनिरीक्षक सीताराम दूबे के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# कोर्ट के आदेश पर पूर्व प्रधान व सफाई कर्मी समेत आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार** : थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में एक भूमि धोखाधड़ी और फर्जी बैनामा मामले में कोर्ट के आदेश पर पूर्व ग्राम प्रधान, सफाई कर्मी सहित आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला ग्राम बंजरिया, मौजा कैथौला के निवासी ऋषिकेश मिश्र द्वारा दायर शिकायत से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने भूमि के फर्जी दस्तावेज और धमकी देने का आरोप लगाया है।

ऋषिकेश मिश्र ने अपनी शिकायत में बताया कि 2 सितंबर 2022 को वह अपनी जमीन (गाटा संख्या 95/1.048 हेक्टेयर) का दानपत्र चंद्रकांती के नाम कराने तहसील करनैलगंज गए थे। वहां दानपत्र की तहरीर तैयार कराई गई, लेकिन जब वह हस्ताक्षर करने लगे तो उन्होंने एक अन्य दस्तावेज देखा, जिसमें संध्या तिवारी के हस्ताक्षर और अंगूठे का निशान था। इस दस्तावेज को देखकर उन्होंने लेखक से पूछताछ की, लेकिन विपक्षीगण ने वह दस्तावेज छीन लिया। हालांकि उसकी छाया प्रति उनके हाथ लग गई, जिसमें पता चला कि उनकी जमीन का फर्जी बैनामा बिना उनकी सहमति या कोई भुगतान किए संध्या तिवारी के नाम लिखवाया गया था। इस बैनामे में गवाह के रूप में विपक्षी पक्ष के अन्य लोग शामिल थे। ऋषिकेश ने बताया कि जब उन्होंने इस फर्जीवाड़े का विरोध किया तो विपक्षी पक्ष ने उन्हें धमकाया और बैनामा लिखवाने की बात कही। इसके बाद 7 सितंबर 2022 को जब वह लखनऊ दवा लेने जा रहे थे, तभी सुबह 9:30 बजे बालपुर बाजार के पास विपक्षी पक्ष के लोग एक पुलिसकर्मी के साथ आए और उन्हें पकड़कर बालपुर पुलिस चौकी ले गए। वहां से उन्हें थाना कोतवाली करनैलगंज ले जाकर बंद कर दिया गया। अगले दिन 8 सितंबर 2022 को उनका धारा 151/107/116 के तहत चालान कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें तहसील ले जाकर विपक्षी पक्ष के लोगों के साथ मिलकर धमकी दी और उसी फर्जी बैनामे के लेखक से इकरारनामा लिखवाया, जिसमें 6 लाख रुपये अग्रिम भुगतान दिखाया गया। यह सब पुलिस अभिरक्षा में दोपहर 2:17 बजे पंजीकृत करवाया गया। इसके बाद उन्हें उप जिला मजिस्ट्रेट, करनैलगंज के समक्ष पेश किया गया। जहां से वह शाम 5 बजे जमानत पर रिहा हुए। रिहाई के बाद ऋषिकेश ने पुलिस अधीक्षक और जिला अधिकारी को कई बार शिकायती पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः 22 अप्रैल 2025 को उन्होंने पंजीकृत डाक से पुलिस अधीक्षक को फिर से शिकायत दी। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद कर्नलगंज कोतवाली पुलिस ने सुरेश कुमार, संध्या, रामपाल, शिवानंद, दिनेश कुमार, देवी सहाय, संजय कुमार और शिव बाबू ओझा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## सार-संक्षेप

### रामकथा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा



शोभायात्रा निकालते पुरोहित, साथ में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल।

**कटरा बाजार, गोंडा।** शुक्रवार को क्षेत्र के नकहा गांव के हनुमान मंदिर के बड़े बाबा सेवा समिति कोटवा धाम द्वारा हनुमत यज्ञ सहित राम कथा से पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन मंडल के सदस्य हरिशंकर पाण्डेय ने बताया कि शोभायात्रा गांव के देवालय से शुरू होकर कटरा बाजार के पीपल चौराहा होते हुए नगर भ्रमण के बाद अपने गंतव्य को चली गई। उनके अनुसार यज्ञ व राम कथा अयोध्या धाम से पधारे बटुकों और संतों द्वारा संपन्न कराई जायेगी। कथा 13 जून शाम से आरम्भ होकर 23 जून को तक चलेगी। शोभा यात्रा में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ल, देवी प्रसाद तिवारी, जनार्दन पाण्डेय, तरुण, नंद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भजन गायिका बंकू सिस्टर्स को अग्र गौरव सम्मान



भजन गायिका को सम्मानित करते अग्रवाल समाज के लोग। अमृत विचार

**गोंडा** : शुक्रवार को राजस्थान प्रांत के सीकर जिले के खाटू धाम में जनपद की रहने वाली प्रसिद्ध भजन गायिका बंकू सिस्टर्स को "अग्र गौरव सम्मान" से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम आयोजन स्थल खाटू धाम के श्याम अर्पण छत्तीसगढ़ धाम में किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम "अंतरराष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह - 2025 सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे। इस सम्मान के लिए भजन गायिका बंकू सिस्टर्स ने अग्रवाल समाज का कोटि-कोटि आभार व्यक्ति किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन पंजीकृत कोलकाता द्वारा आयोजित किया गया। सम्मान मिलने के बाद भजन गायिका ने कहा कि ईश्वर की कृपा है और भक्तजनों प्रेम से यह पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि भक्ति गीत से प्रभु का ध्यान करती हैं उनके आशीर्वाद से ही सफलता मिली है। सम्मान मिलने पर उनके समर्थकों, पारिवारिक जनों ने शुभकामनाएं दी है।

### फर्जी मुकदमा दर्ज कराने पर भड़के अपना दल कार्यकर्ता

**मनकापुर** : विद्युत आपूर्ति में अव्यवस्था और उपभोक्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाने को लेकर अपना दल(एस) जिला अध्यक्ष रामदीन वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मसकनवा विद्युत उपकेंद्र मसकनवा के अवर अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से आमजन पहले ही परेशान है और इसके बावजूद संबंधित जेई द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। साथ ही आरोप है कि जेई द्वारा बीते बुधवार को व्यक्तिगत द्वेषवश कुछ उपभोक्ताओं के खिलाफ़ छपिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अपना दल (एस) ने इन मुकदमों को तत्काल वापस लेने और जेई का स्थानांतरण किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मांगें एक सप्ताह के भीतर पूरी नहीं की गईं, तो जनता के सहयोग से धरना प्रदर्शन और चक्का जाम जैसे लोकतांत्रिक तरीकों से आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त ज़िम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अधिवक्ता आशीष सिंह, गायत्री प्रसाद, श्यामपाल, विनोद यादव, महेंद्र कुमार वर्मा, योगेंद्र समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड विजेता ने किया सम्मानित



एसपी व उनकी पत्नी को सम्मानित करतीं लक्ष्मीबाई पुरस्कृत जूली पांडेय।

**गोंडा** : उमरी बेगमगंज खाना क्षेत्र के धन्नीपुरवा गांव का रहने वाली उदय कुमारी का विवाह कराने जैसे नेक कार्य के लिये एसपी व उनकी पत्नी को सम्मानित किया गया। रानी लक्ष्मी बाई वीरता पुरस्कार और देवी अवॉर्ड से सम्मानित फूल कुमारी उर्फ जुली पांडेय और उनकी टीम ने एसपी विनीत जायसवाल पत्नी डॉ तन्वी जायसवाल को फूल माला, बुके, मोमेंटो, शॉल और रामचरित मानस देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में जूली पांडेय ने कहा कि एसपी के नेतृत्व में गोंडा पुलिस द्वारा उमरीबेगमगंज में कराई गई बेटी की शादी से वह और उसकी टीम अभिभूत थी। तभी हम सबने ठाना था कि हम सब मिलकर एसपी व उनकी पत्नी को सम्मानित करेंगे। एसपी विनीत जायसवाल ने कहा कि वह ऐसी घटना हुई थी जो हमारे लिए चैलेंज थी। उसका निपटारा करने के बाद सबके सहयोग से शादी हुई। इस शादी में समाज के सभी लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। डॉ तन्वी जायसवाल ने कहा कि उस परिवार की स्थिति काफी दयनीय थी। सबके सहयोग से हम सबने शानदार शादी करवाई। समारोह को हनी व सनी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीओ लाइन शिल्पा वर्मा समेत महिला पुलिस कर्मियों के अलावा जूली के टीम की रोशनी, बबीता, रोहणी, तन्नू व सुधा पांडे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



विमान हादसे में मृतकों के प्रति शोक संवेदना जताते अधिवक्ता। अमृत विचार



पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को लेकर बार एसोसिएशन की ओर से शोक सभा का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के सभागार में एक आपातकालीन शोकसभा आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी तथा संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार सिंह ने किया।

अधिवक्ताओं द्वारा अहमदाबाद में हुई विमान त्रासदी में दिवंगत हुए चालक दल सहित 242 यात्रियों के आत्मा की शान्ति के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना की गई। इसी के साथ बीजे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर पर विमान दुर्घटनाग्रस्त होने पर घायल हुए लोगों को सर्वोच्च चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने की मांग गुजरात के मुख्यमंत्री से की गयी है। शोक सभा में कौशल किशोर पांडेय, भगवती प्रसाद पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, हिमांशु ओझा, अशोक कुमार तिवारी, अवधेश शुक्ल, अजय सिंह, विनय कुमार अक्षत, शिवेन्द्र मिश्र, अवधेश कुमार सिंह, मनीष सिंह आदि सैंकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयोजित की शोक सभा

**गोंडा, अमृत विचार** : विमान दुर्घटना में मारे गए लोगो की आत्मा के शांति के लिए कांग्रेस भवन में शोकसभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष राम प्रताप सिंह एवं शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी के संयुक्त नेतृत्व में एक शोक सभा आयोजित की गई तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए जान गंवाने वाले यात्रियों के परिवार को ऐसी असहनीय पीड़ा को सहन करने के लिए ईश्वर साहस प्रदान करने की कामना किया। कांग्रेसी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि यह दुख की घड़ी है। पूरा देश दुख में एक साथ खड़ा है। जिन लोगों ने अपना परिवार खोया है उनको ईश्वर इस दुख की घड़ी में ताकत प्रदान करें। शोक सभा में प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, सैयद अब्दुल मुजीब, बृजेश द्विवेदी, वसीम सिद्दीकी, वाजिद अली, सुभाष चंद्र पांडे अफजल खान, शादाब खान एडवोकेट, दीप कुमार मिश्रा, निशा खातून शाहिदा अंजुम जरनील हयात, वसीम रैनी, मुकेश सोनी, निर्मला देवी, सिकंदर अली, अकील, सलीम कुरैशी खगेश चतुर्वेदी, प्रेम चंद्र श्रीवास्तव, कंवल जीत आदि उपस्थित रहे।

## बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गोंडा** : विकासखंड इटियाथोक क्षेत्र मे बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व प्रधान दिनेश शुक्ला की अगुवाई में स्थानीय पावर हाउस पर शुक्रवार को एसडीओ शेषमणि त्रिपाठी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पावर हाउस में 5 एमवीए व 10 एमवीए के कुल दो ट्रांसफार्मर लगे हैं जो ओवरलोड में इन दिनों ठीक से कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इसमें से 5 एमवीए की क्षमता को डबल किया जाए। इटियाथोक बाजार की सप्लाई बलरामपुर फीडर से जुड़ी है जो दूर स्थित देहात व अनेक ग्रामों तक गई है। बाजार में थाना, डाकघर, बैंक, स्कूल, कॉलेज व अनेक दुकानें हैं। यहां बेहतर बिजली आपूर्ति किये जाने को लेकर अलग फीडर बनाया जाय। बाजार व कस्बे में अलग अलग जगहों पर लगे तीन ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए। इसके साथ ही सबसे बड़े ईस्ट व साउथ फीडर को छोटा करके इसका लोड कम कराते हुए बेहतर बिजली आपूर्ति की मांग की गई। एसडीओ ने बताया कि पावर हाउस के ट्रांसफार्मर की क्षमताबृद्धि के लिये पूर्व में लिखा पढ़ी हुई थी, दोबारा प्रयास किया जाएगा। कस्बे में लगे तीनों ट्रांसफार्मर की क्षमता हाल में ही बढाई गई है। ईस्ट व साउथ फीडर को छोटा करने के बारे में कहा कि इसकी लाइन बनकर तैयार है, रेलवे ट्रैक के नीचे से केबल निकालने की अनुमति मिलने वाली है।

उपलब्धि | जिलाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी, गिनाईं उपलब्धियां

# नैक मूल्यांकन में एलबीएस महाविद्यालय को B++ ग्रेड

संवाददाता, गोंडा



जानकारी देतीं कॉलेज प्रबंध समिति की अध्यक्ष डीएम नेहा शर्मा व उपाध्यक्ष वर्षा सिंह।

**अमृत विचार** : जिले के प्रतिष्ठित श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने B++ ग्रेड (सीजीपीए 2.82) प्रदान किया है। इस उपलब्धि को लेकर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष व जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस उपलब्धि की जानकारी साझा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की तरफ से B++ ग्रेड (सीजीपीए 2.82) मिलना महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध एवं नवाचार, ग्रेड पारदर्शिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रतिबद्धता का जीवन्त प्रमाण है। यह ग्रेड महाविद्यालय के प्रबन्ध-तंत्र, पूर्व छात्र परिषद अभिभावकों, प्राचार्य, आईक्यूएसी, नैक स्टेयरिंग कमेटी, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्रों की सामूहिक मेहनत एवं समर्पण का परिणाम है। नैक ग्रेड केवल एक मूल्यांकन नहीं बल्कि हमारे भविष्य की दिशा का निर्धारक भी है। महाविद्यालय इस उपलब्धि को एक नई शुरुआत मानता है और गुणवत्ता में और भी सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने बताया कि इसके पूर्व महाविद्यालय ने 14 वर्ष पूर्व 2011 में 'B' ग्रेड प्राप्त किया था। अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ सुसज्जित प्रयोगशालाएं, ऑटोमेटेड पुस्तकालय, वाचनालय एवं आईसीटी संसाधनों में वृद्धि द्वारा महाविद्यालय को अच्छा ग्रेड प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र कल्याण के लिए अनेक तरह की सुविधाएं प्राप्त है।

# पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ाया जाएगा विदेशी आक्रांताओं का इतिहास

▸▸ विश्वविद्यालय के कुलपति ने गोंडा में दिया बयान

**गोंडा, अमृत विचार** : मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के कुलपति प्रो रविशंकर ने कहा है कि उनके विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में किसी भी विदेशी आक्रांता का इतिहास नहीं पढ़ाया जायेगा। इसे पाठ्यक्रम में भी नहीं शामिल किया जायेगा। हम अपने विद्यार्थियों को ऐसा मानक नहीं देने जा रहे हैं जो उनको अपने भारतीय संस्कृति से विमुख करें।

प्रो रविशंकर शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय का निरीक्षण करने गोंडा पहुंचे थे। महाविद्यालय के प्राचार्य व अन्य प्राध्यापकों ने कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह का स्वागत किया। उन्होंने प्राचार्य के साथ बैठक कर छात्र छात्राओं के प्रवेश पर चर्चा की और प्रथम सेमेस्टर में अधिक से अधिक नामांकन कराए जाने पर जोर दिया। प्रो रविशंकर ने कहा कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर देवीपाटन मंडल का पहला विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय में 10 फैकल्टी चल रही है। इसके अतिरिक्त मंडल की आवश्यकता के अनुरूप पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। विश्वविद्यालय बलरामपुर में प्रथम कार्य परिषद का गठन उत्तर प्रदेश सरकार ने दिया है।

### विदेशी भाषाओं का हब बनेगा विश्वविद्यालय

मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रविशंकर ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विदेशी भाषाओं का हब बनेगा। उन्होने बताया कि हम त्रिभुवन यूनिवर्सिटी से एमओयू हस्ताक्षर करने जा रहे हैं क्योंकि श्रावस्ती बुद्धिस्ट एवं जैनिस्ट का सेंटर रहा है। बनारस में एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी है वहां से भी हमारा एमओयू प्रक्रिया में है। तिब्बतियन जो पूरा श्रावस्ती है इंटरनेशनल लैंग्वेज का केंद्र बन सकता है। इसको देखते हुए हम लोग फॉरेन इंटरनेशनल लैंग्वेज विभाग भी खोला है। इससे पड़ोसी देश नेपाल के छात्र छात्राओं को अब चीन नहीं जाना पड़ेगा।

# श्रद्धालुओं से भरी कार पलटी, 12 लोग घायल

## चालक को झपकी आने से हुआ हादसा, काशी से दर्शन कर अयोध्या जा रहे थे भोपाल के श्रद्धालु

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार की भोर क्षेत्र में दो सड़क हादसों ने हड़कंप मचा दिया। पहला हादसा उस समय हुआ जब भोपाल से आए श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो अयोध्या जाते समय चालक को झपकी लगने के कारण पेड़ से टकरा गई और पलट गई। हादसे में कार सवार 12 लोग घायल हो गए।

दुर्घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के दोमुंहा-सुलतानपुर लिंक मार्ग पर धरौली गांव के पास तड़के करीब चार बजे हुई। वाराणसी दर्शन के बाद श्रद्धालु अयोध्या जा रहे थे। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में रोहित रघुवंशी (36), रक्षा (27), मनोज (45), सुषमा (40), कमलेश (50), सगुन (45), यशराज (35), मोना (35) के साथ चार बच्चे यक्षित (7), देवांश (8), पारुल (10) व परीक्षित (6 माह) शामिल हैं। सभी खतरे से बाहर हैं।


आलू लदा ट्रक हाईवे पर पलटा। अमृत विचार

### आलू लदा ट्रक पलटा

दूसरे हादसे में सुबह साढ़े चार बजे अभियाकलां गांव के पास आलू से लदा ट्रक पलट गया। ट्रक बाराबंकी से आलू लेकर झारखंड होते हुए उड़ीसा जा रहा था। ट्रक चालक रजत कुमार और कंडक्टर दीपक घायल हुए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। ट्रक पलटने से हाईवे किनारे आलू बिखर गया, जिससे यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। क्रेन की मदद से दोपहर बाद ट्रक हटाकर यातायात बहाल किया गया।

देहात कोतवाल अखंडदेव मिश्र ने बताया कि शिकायत मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

**दोस्तपुर, सुलतानपुर :** नगर पंचायत के कजियाना मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय बुजुर्ग नकी अहमद की सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। वे साइकिल से चूड़ी बेचने जा रहे थे, तभी बढ़ौली चौराहे के पास एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी दोस्तपुर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के बाद कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 15 लोग घायल

▸▸ क्रास केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कादीपुर खुर्द गांव में जमीन विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों ओर से कुल 15 लोग घायल हो गए।

पहले पक्ष की भानमती पत्नी जयराम ने आरोप लगाया कि मोनी पत्नी प्रकाश से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विपक्षी पक्ष लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी से लैस होकर घर में घुसे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने भानमती, उनके पति जयराम, कलेसर, सुनील, अरविंद, सुशील, शनि, अनिल, माधुरी और सोनी को पीटकर घायल कर दिया। भानमती की तहरीर पर पुलिस ने सल्तन्ती, राम प्रकाश, दीपक, प्रवेश व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

वहीं, दूसरे पक्ष की मोनी पत्नी प्रकाश का आरोप है कि विपक्षी उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे मोनी, प्रकाश, प्रवेश, क्रांति और सल्तन्ती घायल हो गए। मोनी की तहरीर पर पुलिस ने जयराम, सुनील, अनिल, अरविंद, सुशील व शनि के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ ने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## एक नजर

### पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुड़िलाडीह चौकी प्रभारी शशि प्रकाश वर्मा ने बताया कि बाजार में संदिग्ध अवस्था में खड़े मुड़िलाडीह निवासी सुंदरम अग्रहरि की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सोते समय जहरीले जन्तु के काटने से महिला की मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम बेथरा में गुरुवार रात सोते समय जहरीले जन्तु के काटने से 38 वर्षीय अनीता पत्नी लालचंद की मौत हो गई। परिजन अनीता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति लालचंद सऊदी अरब में रोजगार करता है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी को युवक महेंद्र द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी पहले युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी और मां द्वारा टोके जाने पर खुदकुशी की धमकी भी देती थी। गुरुवार को किशोरी अचानक घर से गायब हो गई। मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### विमान दुर्घटना के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अहमदाबाद विमान हादसे में लोगों की मृत्यु पर बार एसोसिएशन सुलतानपुर ने दीवानी के प्रशासनिक कक्ष में शुक्रवार को शोक सभा आयोजित की। अध्यक्ष रणजीत सिंह त्रिशुंडी व संचालन रमाशंकर पांडेय ने किया। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी।

### बिना सुरक्षा के नाविक करा रहे नौका विहार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सीताकुंड गोमती घाट पर नाविक बिना लाइफ जैकेट और सुरक्षा इंतजाम के पर्यटकों को नौका विहार करा रहे हैं। नगरवासी सौरभ सिंह ने बच्चों की सुरक्षा के चलते नाव की सवारी करने से इनकार किया। इस लापरवाही पर राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने नाराजगी जताई और मत्स्य विभाग पर सवाल उठाया। प्रदेश महामंत्री जयशंकर दुबे ने चेतावनी दी कि नियम लागू न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# राहुल गांधी के खिलाफ 15 जुलाई को होगी सुनवाई

## अदालत से

▸▸ समुदाय विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा मामला



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** करीब 12 साल पहले मुजफ्फरनगर दंगा पीड़ित मुस्लिम युवकों को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साधने का बयान देने से जुड़े मामले में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ पड़ी निगरानी अर्जी पर सुनवाई वकीलों के प्रस्ताव के कारण 15 जुलाई तक टल गई। कोतवाली नगर के घरहां खुर्द निवासी मो. अनवर ने 24 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के जरिये समुदाय विशेष पर दिए बयान से नाराज होकर एमपी/एमएलए कोर्ट में उन्हें तलब कर दंडित किए जाने की मांग के लिए परिवाद दाखिल किया था। एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 30 जनवरी को यह कहते हुए परिवाद खारिज कर दिया था कि न्यायिक कार्यवाही को अनावश्यक रूप से उत्पीड़न का हथियार नहीं बनाना चाहिए। परिवादी ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश से नाराज होकर जिला जज की अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की है।

### अधिशासी अभियंता हत्याकांड में सुनवाई 17 को

जल निगम के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में शुक्रवार को अभियोजन पक्ष के गवाह विवेचक सीओ शिवम मिश्र के न आने से जिरह नहीं हो सकी।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने जिरह के लिए 17 जून की तारीख तय की है। अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और आरोपी प्रदीप राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला आरोप तय होने के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### उसामा हत्याकांड में नहीं हुई गवाही

कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के राहुल चौराहा चिकमंडी गांधीनगर में कक्षा चार के मासूम छात्र उसामा के अपहरण व हत्या के मामले में जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में शनिवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई 21 जून तक टल गई।

गौरतलब है कि छात्र उसामा को बीते साल 25 नवम्बर को अगवा कर पांच लाख की फिरौती के लिए गला दबाकर आसिफ ने हत्याकांड को अंजाम दिया। मृतक के पिता मोहम्मद शकील ने अज्ञात में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने दौरान तफ्तीश आसिफ उर्फ सोनू के साथ ही उसके पिता ताज उर्फ बब्बू , चाचा मोहम्मद सलीम, चाची रिजवाना और बहन शबनम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। आरोपियों पर आरोप तय होने के बाद अब अभियोजन गवाह में पत्रावली विचाराधीन है।

### पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की निगरानी अर्जी पर बहस टली, 9 जुलाई को सुनवाई

▸▸ धोखाधड़ी कर व्यापारी नेता का मकान दूसरे के नाम दर्ज कराने का आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर :** व्यापारी नेता घनश्याम सोनी की शिकायत पर अमेठी की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी समेत पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामले में निगरानी अर्जी पर शुक्रवार को बहस नहीं हो सकी। वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते एडीजे चतुर्थ निशा सिंह की अदालत ने अगली तारीख 9 जुलाई तय की है। परिवादी घनश्याम सोनी के वकील अनिल दूबे ने बताया चंद्रमा देवी ने अध्यक्ष पद पर रहते हुए उनके मकान को धोखाधड़ी से लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के नाम दर्ज करा दिया। मजिस्ट्रेट कोर्ट के समन आदेश को चुनौती देते हुए आरोपियों ने निगरानी अर्जी दायर की है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में सुनवाई टली

▸▸ मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश व उनके भतीजे बृजेश की हत्या से जुड़ा मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या से जुडे मामले में शुक्रवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर अभियोजन गवाह वादी मुकदमा दुर्गेश यादव की गवाही न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत में दर्ज की जा चुकी है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने जिरह के लिए 16 जून की तारीख तय की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन, संजय यादव प्रधान, मनोज यादव, डब्बू यादव, मुइनुद्दीन, मुकेश यादव, राहुल यादव, अभय यादव, अंकित यादव, मनीष उर्फ कल्लू, हरीफूल शुक्ल, वसीर समेत कुल 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर आरोपों में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### हत्या के आरोपी फूलचन्द्र की जमानत अर्जी खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट संध्या चौधरी की अदालत ने हत्या व जातिसूचक गाली-गलौज के गंभीर आरोपों में जेल में निरुद्ध आरोपी फूलचन्द्र की जमानत अर्जी शुक्रवार को खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार दोस्तपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर सराय संदख निवासी वादी सिकंदर ने थाना दोस्तपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि 14 मार्च 2025 की शाम गांव के ही फूलचन्द्र समेत अन्य आरोपियों ने जातिसूचक गालियां दीं और उनकी मां सुनरा देवी को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। घायलावस्था में इलाज के दौरान सुनरा देवी की मृत्यु हो गई। आरोपी फूलचन्द्र की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

# मंदिर के पास शराब ठेके से बरपा हंगामा

करौंदीकला, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव में मंदिर और दलित बस्ती के पास शराब की दुकान खुलने की सूचना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार सुबह करीब दो सौ ग्रामीण एकत्र होकर ठेका खोलने का विरोध करते हुए प्रदर्शन करने लगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिना कोई स्थलीय सर्वे किए अधिकारियों द्वारा मंदिर और आबादी के नजदीक शराब दुकान खोलने की अनुमति दी जा रही है, जिससे गांव का माहौल बिगड़ने का खतरा है। हंगामे के चलते शराब ठेकेदार मौके से भाग निकला।

मंगेश कनौजिया, राकेश, रामफेर, फूलपत्ती, मनोरमा, जगराम समेत कई ग्रामीणों ने कहा कि यदि ठेका खुला तो युवा पीढ़ी बर्बाद हो जाएगी। उन्होंने दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि गांव में दुकान खोली गई, तो जोरदार आंदोलन होगा।


शराब का ठेका खुलने के विरोध में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

▸▸ जमकर किया विरोध प्रदर्शन पुलिस ने समझाया

## बीए, एमए समाजशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 18, 19 जून को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय के बीए द्वितीय, चतुर्थ व षष्ठ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 18 जून तथा एम ए द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 19 जून को होगी। यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीए एम ए सभी सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 7 बजे से शुरू होगी । इस सत्र में मुख्य व सप्लीमेंट्री परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वाह्य परीक्षक लेंगे। इस हेतु सभी विद्यार्थी प्रवेश पत्र , रिकॉर्ड फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री अपने साथ लेकर आयेंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षा परिणाम बाधित होगा जिसकी जिम्मेदारी छात्र छात्राओं की होगी।

## सार-संक्षेप


पंत स्टेडियम में सम्मानित किए गए खिलाड़ी। अमृत विचार

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विगत छह माह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में निरंतर प्रतिभाग किया और पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव प्रणय चंद्र शुक्ल ने सम्मान समारोह में खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं खेलकिट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सम्मान पाने वाले खिलाड़ियों में विकास पाल, मोहम्मद हसनैन राजा, अजीत द्विवेदी, साक्षी तिवारी, अंजलि तिवारी, पीयूष शुक्ला, नैनी सिंह, आदित्य, अथर्व अग्रहरि व कार्तिकेय अग्रहरि शामिल रहे। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप दुबे और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व राष्ट्रीय रेफरी प्रसून चंद्र शुक्ला ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डीवीए ने स्टेडियम की टीम को हराया

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला वॉलीबाल संघ द्वारा पंत स्टेडियम में किट वितरण एवं मैत्री वॉलीबाल मुकाबलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देकर की गई। पुरुष व महिला दोनों वर्गों में डीवीए की टीम ने स्टेडियम को 3-2 से हराया। मुख्य अतिथि सर्वेंद्र सिंह चौहान व विशिष्ट अतिथि चंदन सिंह की उपस्थिति में खिलाड़ियों को किट वितरित की गई। आयोजन में विभिन्न संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी व कोच मौजूद रहे।

### 'द जैम स्पॉट' इवेंट में श्रेयस को बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पयागीपुर स्थित ड्रीम जोन कैफे में आयोजित द जैम स्पॉट के भव्य कार्यक्रम में सुलतानपुर की युवा प्रतिभाओं ने अपनी कला से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीमा सिंह और अजय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में कुल- 20 परफॉर्मर शामिल हुए। इवेंट की शुरुआत इंडी फ्यूजन बैंड की शानदार ओपनिंग परफॉर्मेंस से हुई। क्लोजिंग परफॉर्मेंस मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैग्नेटो जीम राजदीप ने दी, जो दर्शकों के लिए खास आकर्षण रही। इस मंच पर गायन, कविता, रैप, बीट बॉक्सिंग और स्टैंडअप कॉमेडी का मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला। कुशाग्र ठाकुर, अंशिका सोनी, मितांशी निगम, आकाश तिवारी, अविरल तिवारी, तनवी मिश्रा, कशिश मौर्या, अभिराज सिंह, और अभय प्रताप जैसे प्रतिभागियों ने अपनी गायन, रैप और कविता प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सुप्रिंस कुमार यादव, अमन यादव, युवराज श्रीवास्तव, आनंद कृष्ण पांडेय और अनुभव विक्रम सिंह चौहान की कविताओं ने श्रोताओं को भावनाओं से भर दिया। वहीं विराज तिवारी की स्टैंडअप कॉमेडी और सुधांशु अग्रहरि की बीट बॉक्सिंग ने सबको गुदगुदा दिया। ग्रुप की ओर से शील्ड, सर्टिफिकेट तथा स्पॉन्सर द नॉर्थ साइड की ओर से उपहार प्रदान किए गए।

# मारपीट के मामले में पड़ी 3 तहरीर, 13 लोग नामजद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कुम्ही डडिया गांव में मारपीट के एक ही विवाद में तीन पक्षों की अलग-अलग तहरीर पर पुलिस ने कुल 13 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमे दर्ज किए हैं। पहली तहरीर अवधेश पांडेय की ओर से दी गई। जिनका आरोप है कि पुराने मुकदमे में सुलह का दबाव बनाया गया, न मानने पर गुरुवार रात 9 बजे पिस्टल के बट और लोहे की रॉड से हमला किया गया। पुलिस ने आनंद सिंह रंजन, धीरेंद्र विक्रम सिंह, विजय विक्रम सिंह, उदयभान सिंह, राम नरेश पांडेय और अभिषेक पांडेय के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दूसरी तहरीर इंद्र बहादुर सिंह ने दी, जिसमें कहा गया कि वे गांव में निमंत्रण पर गए थे और वहां उन्होंने अवधेश पांडेय को विपक्षियों द्वारा घायल किए जाने का दृश्य देखा। इस पर आनंद सिंह, विजय विक्रम सिंह और धीरेन्द्र विक्रम सिंह के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

तीसरी तहरीर विजय विक्रम सिंह की ओर से दी गई, जिनका कहना है कि वे निमंत्रण से लौट रहे थे तभी रास्ते में घात लगाए विपक्षियों ने लाठी-डंडे से पीटा। पुलिस ने अवधेश पांडेय, जय बहादुर, जंग बहादुर और इंद्र बहादुर के विरुद्ध भी केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सभी तहरीरों के आधार पर केसदर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**कादीपुर , सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमरावा गांव में गुरुवार रात एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मयंक मिश्र की पत्नी कुसुम (30) का शव घर के बाथरूम में साड़ी के फंदे से लटका हुआ मिला। परिजन आनन-फानन में उसे सूरापुर बाजार स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका का शव परिजन घर ले आए। इसी दौरान सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुसुम अपने पीछे पांच वर्षीय पुत्र अथर्व को छोड़ गई है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनीष नगर अध्यक्ष तो राजेश बने महामंत्री

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपरांत नगर इकाई के पुनर्गठन को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय और क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन के विस्तार व मजबूती को लेकर कई निर्णय लिए गए।

बैठक में वरिष्ठ जिला महामंत्री अंबरीश मिश्रा द्वारा पूर्व नगर कार्यकारिणी को जिला कार्यकारिणी में समायोजित करते हुए मनीष कसौधन को नगर अध्यक्ष और राजेश श्रीवास्तव को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया। साथ ही हिमांशु जायसवाल को नगर प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर इंजीनियर सुधीर गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष और आकाश तिवारी को नगर मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत संगठन द्वारा पट्टिका पहनाकर किया गया। प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय ने मनीष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन व्यापारी हितों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है और नई टीम के जुड़ने से संगठन की गति और भी तेज होगी।


व्यापार मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत। अमृत विचार

▸▸ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी में नए पदाधिकारी नियुक्त

## विश्व रक्तदाता दिवस आज — न केवल जीवनदान, बल्कि आत्मसंतोष का स्रोत भी है रक्तदान

# रक्तदान है जीवन का उत्सव, युवाओं में बढ़ा मानवता का जज्बा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विश्व रक्तदाता दिवस आज है। इस महादान में के हवन कुंड में जिले में आहुतियां डालने वालों की लंबी फेहरिस्त है। रक्तदान अभियान में जब से जिले के युवा आगे आए हैं, नित नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। आज जिले में तीन ब्लड बैंक हो गए हैं। 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर जनपद में विभिन्न सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों द्वारा रक्तदान के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया। "रक्तदान महादान है" के संदेश के साथ युवाओं ने रायशुमारी में हिस्सा लेते हुए रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताया। छोटी सी उम्र में 41 बार रक्तदान कर चुके युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह कई सामाजिक संगठनों से जुड़कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते हैं। कहते हैं कि रक्तदान एक महादान है एवं एक सुरक्षित प्रक्रिया है। रक्तदान के विषय में अब भी बहुत सी भ्रांतियां हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह शरीर की नई रक्त कोशिकाओं को जन्म देता है और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। आजाद समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि समिति का सबसे महत्वपूर्ण कार्य जरूरतमंदों को रक्त के लिए मदद करना है। समय-समय पर समिति की ओर से शिविर लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न सिर्फ किसी जरूरतमंद की जान बचाता है, बल्कि यह आत्मसंतुष्टि देने वाला कार्य भी है। जब किसी अनजान के जीवन में आपकी एक बोतल खून उम्मीद की किरण बन जाए, तो इससे बड़ी सेवा और कुछ नहीं। इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के संगठन मंत्री प्रमोद पांडेय ने कहा कि हर साल रक्त की मांग तेजी से बढ़ रही है, जबकि स्वैच्छिक रक्तदाताओं की संख्या अपेक्षाकृत कम है। ऐसे में लोगों को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। ओ निगेटिव ग्रुप वाले युवा अनमोल मिश्र हर तीन माह में ब्लड डोनेट करते हैं। अनमोल कहते हैं कि नेगेटिव ग्रुप के रक्तदाताओं को आगे आने की आवश्यकता है,, क्यूंकि अक्सर नेगेटिव ग्रुप रेयर होने के कारण नेगेटिव ग्रुप के मरीजो को रक्त उपलब्ध होने मे दिक्क़त होती है। मैं स्वयं ओ निगेटिव ग्रुप का रक्तदाता हूं एवं नियमित रक्तदान करता हु। रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं होती। यह अभियान न केवल लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहा है, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों और सहयोग की भावना को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक शिक्षक व समाजसेवी निजाम खान नियमित रक्तदाता हैं। कहते हैं कि शुरुआत मैंने एक आपात स्थिति में की थी, लेकिन अब यह मेरी आदत बन चुकी है।


अभिषेक सिंह | अशोक सिंह | प्रमोद पांडेय | अनमोल मिश्र | निजाम खान

# 443 जरूरतमंदों को वितरित किया भोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनसेवा को समर्पित राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा संचालित निःशुल्क रसोई कार्यक्रम गुरुवार को भी पूरे उत्साह से आयोजित किया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन परिसर में कुल 443 मरीजों, तीमारदारों और जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने किया। उन्होंने संस्था के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल जरूरतमंदों के लिए सहारा बन रही है, बल्कि समाज को सेवा की प्रेरणा भी दे रही है। संस्था अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में यह रसोई हर गुरुवार को चलाई जाती है। रेलवे स्टेशन पर वितरण का कार्य सेवानिवृत्त फौजी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। संरक्षक निजाम खान ने बताया कि यह अभियान जन सहयोग से वर्षों से लगातार चल रहा है। भोजन में अरहर दाल, सब्जी, चावल और रोटियां शामिल रहीं। इस पुनीत कार्य में प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानो, डॉ. शादाब, राशिद खान, गुरप्रीत सिंह, राज नारायण पाठक सहित कई स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


जरूरतमंदों को भोजन परोसते वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव व अन्य।

▸▸ राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की सेवा से मिल रही प्रेरणा

# कुशीनगर में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बाजार में भरमार

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचारः** कुशीनगर में मिलावटी खाद्य वस्तुओं की बाजार में भरमार हो गई है। अधिक मुनाफे की अंधी दौड़ में मिलावटखोर लोगों की सेहत का ख्याल भी नहीं रख रहे हैं। होली, दीपावली, छठ, ईद जैसे त्योहारों की कौन कहे, हर मौसम में मिलावटखोर सक्रिय हैं। इस पर रोक लगाने के लिए जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग है। इसकी तरफ से समय-समय पर खाद्य वस्तुओं की दुकानों में सैंपलिंग की जाती है। इनकी तरफ से की गई सैंपलिंग और लैब में हुई जांच के परिणाम भी चौंकाने वाले हैं। महज पांच वर्षों में हुई जांच में अधोमानक, असुरक्षित खाद्य वस्तुओं के मिलावट की पुष्टि हुई है। जिसके बाद 716 मिलावटखोरों पर 2 करोड़ 65 लाख 89 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। इस संबंध में प्रदीप कुमार राय सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय कुशीनगर ने बताया कि विभाग की तरफ हमेशा नमूने लिए जाते हैं और कार्रवाई की जाती है।



**कार्रवाई**

● पांच वर्षों में 716 मिलावटखोरों पर 2 करोड़ रुपये से ऊपर जुर्माना लगा

**क्या है कार्यवाही का प्रावधान**

खाद्य वस्तुओं में मिलावट पर सजा व जुर्माना का प्रावधान मुख्य रूप से दो कानूनों-पूर्व की प्रीवेंशन ऑफ फूड अडल्टरेशन एक्ट और वर्तमान फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट के तहत लागू होता है। खाद्य वस्तुओं में मिलावट रोकने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई होती है। इसमें दुकानों से खाद्य वस्तुओं के नमूने लेकर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजते हैं। उसमें मिलावट की पुष्टि होने पर जुर्माना या जेल भेजने की कार्रवाई कराते हैं। इसके अलावा व्यापारियों और आम लोगों को खाद्य वस्तुओं से बचाव के प्रति जागरुक करते हैं।

**मिलावटखोरों पर कितना लगा जुर्माना**

| वर्ष | संख्या | जुर्माना |
|---|---|---|
| 2020–21 | 153 | 36,91,000 रुपये |
| 2021–22 | 170 | 46,88,000 रुपये |
| 2022–23 | 228 | 59,15,000 रुपये |
| 2023–24 | 78 | 46,10,000 रुपये |
| 2024–25 | 58 | 52,95,000 रुपये |
| 2025–26 | 29 | 23,90,000 रुपये |

## ट्रेन के प्रस्थान समय में किया परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 15077 कामाख्या-गोमतीनगर एक्सप्रेस का 17 जून, 2025 से पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कामाख्या स्टेशन पर दिये गये प्रस्थान समय में संशोधन किया गया है। फलस्वरूप 15077 कामाख्या-गोमतीनगर एक्सप्रेस 17 जून, 2025 से निर्धारित समय 21.15 बजे के स्थान पर संशोधित समय 21.30 बजे प्रस्थान करेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पति-पत्नी और बेटी के जनाजे देख हर आंख से छलके आंसू

### बुधवार के झांसी में हुए हादसे में दंपति, बेटी और बलरामपुर निवासी चालक की हो गई थी मौत

**दुखद**

● हादसे में मृतक के पिता और तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बुधवार को सड़क हादसे में मृत दंपति और उसकी बेटी के शव शुक्रवार को शहर में आते ही पुरानी नौगढ़ इलाका और उससे सटे ग्राम घुरहूजोत में चीख पुकार मच गई। दरअसल तीनों मृतकों का पुश्तैनी गांव घुरहूजोत था, मगर पुरानी नौगढ़ में कारोबार था। जब उनके जनाजे घर से उठाए गए, तो हर आंख से आंसू छलक उठे।

शुक्रवार को करीब 11:30 बजे ओबैदुर्रहमान (42), उनकी पत्नी आसमा (40) और 12 साल की बेटी हुस्ना परवीन के शव जैसे ही उनके पुश्तैनी ग्राम घुरहूजोत पहुंचे, पूरा गांव सदमे में डूब गया। घरों से रोने चीखने की आवाजें गूंजने लगीं। हादसे में ओबेदुर्रहमान के छह, आठ व दस साल के तीन बच्चे व औबैदुर्रहमान के पिता शहाबुद्दीन (70) अस्पताल में भर्ती हैं, उनकी भी हालत गंभीर बताई गई है।



जनाजे के दौरान उमड़े लोग। अमृत विचार

शुक्रवार को नमाज के बाद जैसे कब्रिस्तान ले जाने के लिए तीनों जनाजे एक साथ उठे तो पूरे गांव की आंखें आसुओं में डूब गईं। पुरानी नौगढ़ क्षेत्र में शहाबुद्दीन का दवाखाना होने के कारण वहां भी शोक का माहौल छाया हुआ था। तीनों बच्चे यदि इलाज के बाद बच भी गये तो उनकी परवरिश का सवाल हर किसी की जुबान पर था। बता दें ओबैदुर्रहमान मुम्बई के मुम्ब्रा में बिल्डिंग मेटेरियल का कारोबार करते थे। गांव घुरहूजोत में ईद मनाने के बाद मुंबई के लिए निकले ओबैदुर्रहमान के सफर में इस बार उनके पिता के साथ पूरा परिवार भी था। बुधवार रात झांसी जनपद के पुछ थाने के खिल्ली गांव के पास अचानक कार डिवाइडर से टकरा गई। इसमें ओबैदुर्रहमान, उनकी पत्नी आस्मा व 12 साल की बेटी हुस्ना व बलरामपुर जिला निवासी कार चालक आमिर (28) की मौत हो गई। जबकि ओबैदुर्रहमान के पिता और उनके 6 से 10 साल के तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए, वे अस्पताल में भर्ती हैं, उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद से गांव में वीरानी छायी हुई है।

# कुशीनगर में केले के रेशे से बन रहे उत्पाद, बढ़े रोजगार-आय के अवसर

संवाददाता कुशीनगर

**बढ़ते कदम**

● ओडीओपी में शामिल है केला, बैग, चटाई, टोकरी, रस्सी आदि से बढ़ रही है किसानों की आय

**अमृत विचारः** कुशीनगर जिले में 'एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत केले को शामिल किया गया है। केले के रेशे से यहां कई तरह के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इस पहल से न केवल जिले के किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिल रहा है, बल्कि कारीगरों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

किसान परंपरागत खेती से हटकर अब केले के तने से रेशा निकालकर बैग, चटाई, टोकरी, रस्सी और अन्य उत्पाद भी बनाए जा रहे हैं, जो बाजार में अच्छी कीमत पर बिक रहे हैं।केला किसान अब सिर्फ फलों से ही नहीं, बल्कि केले के तनों से भी कमाई कर रहे हैं। पहले किसान फसल कटने के बाद तनों को नष्ट कर देते थे। अब इससे अतिरिक्त आय हो रही है। केले के तनों को मशीनों से प्रॉसेस कर महीन धागों में बदला जाता है, जिससे बुनाई कर विभिन्न उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इन उत्पादों की मांग देश ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी बढ़ रही है। इस उद्योग से जिले में महिलाओं और युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिल रहे हैं। कई स्वयं सहायता समूह केले के रेशे से हस्तनिर्मित उत्पाद बनाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। ओडीओपी योजना के तहत सरकार केले के रेशे से उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों को प्रशिक्षण, मशीनें और वित्तीय सहायता भी दे रही है। जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त अभय कुमार सुमन का कहना है कि यह योजना किसानों और कारीगरों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हो रही है। केले के रेशे से बने उत्पाद ईको-फ्रेंडली और बायोडिग्रेडेबल होते हैं, इसलिए इनकी मांग तेजी से बढ़ रही है।

# कई गाड़ियों का किया गया अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा आधारभूत संरचना मंआ विस्तार एवं यात्री सुविधाओं में उन्नयन हेतु गोरखपुर स्थित ओल्ड पिट लाइन संख्या-1 एवं 2 के पुनर्निर्माण के परिप्रेक्ष्य में डिस्मेंटल कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण कई गाड़ियों का अस्थाई रूप से मार्ग विस्तार किया गया था। इन गाड़ियों के कुछ स्टेशनों के समय में परिवर्तन किया गया है।

11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर वाया मऊ गोदान एक्सप्रेस 16 जून से 7 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गोरखपुर से 20.45 बजे तथा बस्ती से 21.47 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग गोण्डा स्टेशन पर 23.05 बजे पहुंचेगी। वापसी में 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वाया मऊ गोदान एक्सप्रेस 18 जून से 07 दिसम्बर तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को विस्तारित मार्ग गोण्डा स्टेशन से 03.10 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 04.18 बजे तथा गोरखपुर से 06.40 बजे छूटकर दूसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 15.30 बजे पहुंचेगी। 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर वाया ऐशबाग, गोण्डा सुपरफास्ट 16 जून से 05 दिसम्बर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 05.23 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गोरखपुर 12.05 बजे, देवरिया सदर से 12.55 बजे, भटनी से 13.14 बजे तथा मऊ से 14.12 बजे छूटकर विस्तारित मार्ग आजमगढ़ 15.15 बजे पहुंचेगी। वापसी में 20104 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस वाया गोण्डा, ऐषबाग सुपरफास्ट 17 जून से 06 दिसम्बर,2025 तक विस्तारित मार्ग आजमगढ़ से 18.50 बजे प्रस्थान कर मऊ से 19.30 बजे, संषोधित समयानुसार भटनी से 20.54 बजे, देवरिया सदर से 21.16 बजे, गोरखपुर 22.10 बजे छूटकर तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 04.35 बजे पहुंचेगी।

## शिक्षकों को दिया योग का प्रशिक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला मुख्यालय स्थित जिला अलंकृत उद्यान पार्क में गुरुवार सुबह के समय विभिन्न ब्लॉक के शिक्षकों का एक दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण हासिल करने वाले मास्टर ट्रेनर अब ब्लॉक व तहसील मुख्यालय पर लोगों को योगाभ्यास कराते हुये अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सहभागिता देंगें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश के क्रम में 12 जून को बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों का एक दिवसीय योग प्रशिक्षण जिला अलंकृत उद्यान पार्क नौगढ़ सिद में सकुशल सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य योग प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक महेश कुमार ने सभी योग प्रशिक्षुओं को विश्व योग दिवस के सम्पूर्ण प्रोटोकॉल आदि करवायें गये और अन्त में कपालभांति तथा प्राणायाम में अनुलोम विलोम/नदीशोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी एवं ध्यान करवाया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग के डॉक्टर श्वेत चन्द पाण्डेय, मुश्तन शेरुल्लाह, साधुशरण, रमेश चन्द्र, डॉक्टर इफ्तेखारुन्निसा, राहुल मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचारः**जनपद के सेवरही पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई हत्या की घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल एक महिला सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 11 जून को थाना सेवरही के ग्राम मठिया भोकरिया नौका टोला के बड़ी नहर के किनारे झाड़ी में एक व्यक्ति का शव मिला था। जिसकी पहचान अनिल यादव पुत्र बब्बन यादव पता सखवनिया बतरडेरा थाना कसया जनपद कुशीनगर उम्र लगभग 30 वर्ष के रुप में हुई थी। थाना सेवरही पर हत्या की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के खुलासे को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को थाना सेवरही व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए थाना सेवरही क्षेत्र से घटना में सम्मिलित 04 अभियुक्त बालेन्द्र उर्फ बलिंदर यादव पुत्र भृगुराशन यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास जनपद कुशीनगर, राहुल कुमार यादव उर्फ राजा यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास जनपद कुशीनगर, बादल यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवासी सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास जनपद कुशीनगर एवं अर्चना यादव पुत्री बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवाली सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया। पुलिसिया पूछताछ में उक्त घटना में प्रेम प्रसंग का मामला निकल कर आया है। अनिल कुमार यादव का अर्चना के साथ लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्चना यादव की शादी मार्च 2025 में हो गयी थी। शादी के बाद भी अनिल यादव लगातार महिला पर संबंध रखने हेतु दबाव बना रहा था। इससे तंग आकर उसके पति ने अर्चना को उसके मायके छोड़ दिया था। इससे क्षुब्ध होकर अर्चना व उसके परिजनों ने अनिल को फोन कर बुलाया और फावड़े व हेलमेट आदि से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तो को जेल भेज दिया है।

### गैर इरादतन हत्या के दोषी को 5 साल का कारावास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना खेसरहा पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 5 वर्ष के कठोर कारावास व 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में थाना खेसरहा मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मो रफी अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रथम द्वारा अभियुक्त मिथुन पुत्र अमीरख माझी निवासी ग्राम सिधौरा टोला उत्तमपुर थाना वजीरगंज जिला गया राज्य बिहार हाल मुकाम खान ब्रिक फिल्ड दनियापार थाना खेसरहा को 5 वर्ष के कठोर कारावास व 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्रप्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी राजेश्वर चन्द का योगदान रहा ।

**हुई चर्चा** — वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सम्मेलन में महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने दिए निर्देश

# यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता व समय का ध्यान रखें

संवाददाता, गोरखपुर ,

**अमृत विचार।** महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में इंजीनियरिंग विभाग के मंथन सभागार में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों के साथ आधारभूत संरचना के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने, रेल संरक्षा, सुरक्षा, इंजीनियरिंग कर्मचारियों को दी जाने वाली सुविधाओं, मानसून संबंधी सावधानियों, पटरियों की सुरक्षा बढ़ाने, यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्यों, स्टेशनों के उन्नयन आदि पर चर्चा हुई।

सम्मेलन में महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि रेल पथ, पुलों, समपार और संरचनाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जिससे रेल संचलन को और बेहतर बनाया जा सके। उन्होने विभागों के बेहतर समन्वय और तालमेल पर जोर दिया ताकि संरक्षा के साथ कार्यो में गुणवत्ता सुनिश्चित किया जा सके। उन्होने कहा कि ट्रैक कार्यों के लिए समयबद्ध योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना महत्वपूर्ण है। संरक्षा के दृष्टिकोण से गेटमैनों को प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। गेटमैनों को संरक्षा नियमों एवं आपातकाल के दौरान की जाने वाली कार्यवाही से अवगत होना चाहिए।




सम्मेलन को सम्बोधित करतीं महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, साथ में अपर महाप्रबन्धक।

उन्होंने कहा कि निर्माण, दोहरीकरण, सबवे आदि कार्यो के निष्पादन के दौरान कार्य स्थल पर पर्याप्त जनशक्ति और सामग्री उपलब्ध होना चाहिए ताकि सुरक्षित रूप से कम समय में तेज गति से कार्य हो सके। माथुर ने संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने हेतु प्वाइंट और क्रॉसिंग का रख-रखाव संरक्षा के मानदंडों का पालन करते हुए करने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं से संबंधित किए जा रहे कार्यो तथा स्टेशनों के उन्नयन संबंधी कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने रेल संरक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े कर्मचारियों को उनकी वर्दी, जूते, संरक्षा जैकेट,रेनकोट आदि समय पर उपलब्ध कराने का तथा रेल कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान त्वरित गति से करने का निर्देश दिया। प्रमुख मुख्य इंजीनियर नीलमणि ने तकनीकी व प्रशासनिक स्तर पर संरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया और कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर प्रमुख विभागाध्यक्ष तथा मुख्यालय एवं मंडल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### मानव तस्करी रोकने को रेलवे प्रयासरत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 12 जून 2025 को लक्ष्मीगंज स्टेशन मास्टर को स्टेशन पर 01 नाबालिग लड़की उम्र लगभग 12 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज द्वारा चाइल्ड लाइन कुशीनगर को सुपुर्द किया गया। 12 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल देवरिया को गाड़ी सं. 12565 में 01 लड़की उम्र लगभग 19 वर्ष मिली, जिसे वन स्टाप सेंटर देवरिया को सुपुर्द किया गया। 12 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल खलीलाबाद व अपराध आसूचना शाखा मुख्यालय /गोरखपुर क्षेत्र द्वारा मगहर आरक्षण केंद्र से एक व्यक्ति को रेलवे आरक्षित तत्काल टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर 02 अदद रेल आरक्षित टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया। 12 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल आजमगढ़ द्वारा फूलपुर गांव के सामने एचपी पेट्रोल पंप के पास से एक व्यक्ति को 10 अदद रेलवे आरक्षित ई टिकटों के साथ अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर गिरफ्तार किया। 11 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर के वेटिंग हाल में यात्री का छूटा 01 मोबाइल मिलने पर पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे 12 जून 2025 को यात्री के परिजन के पोस्ट पर उपस्थित होने के उपरांत उचित पहचान व सत्यापन के बाद सुपुर्द किया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### माफिया सुधीर सिंह ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** माफिया सुधीर सिंह खजनी क्षेत्र में व्यापारी पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी है। 27 मई की रात माफिया सुधीर सिंह ने बेलीपार के भौवापार निवासी अंकुर शाही पर एक दावत के जानलेवा हमला दौरान किया था। माफिया सुधीर सिंह ने आर्म्स एक्ट मामले में लखनऊ न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उसे जेल भेज दिया गया है। सुधीर सिंह खजनी क्षेत्र में व्यापारी पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी है। 27 मई की रात माफिया सुधीर सिंह ने बेलीपार के भौवापार निवासी अंकुर शाही पर एक दावत के दौरान जानलेवा हमला किया था। खजनी थाने में केस दर्ज कर पुलिस उसकी धर पकड़ में जुटी थी। जानकारी के अनुसार, 27 मई की रात खजनी क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमले के बाद भागे फिर रहे सुधीर के न्यायालय में समर्पण करने की अटकलें तेज थी। पूर्व में वह कई बार चकमा देकर न्यायालय में समर्पण कर चुका है। गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र में 27 मई की रात को दावत में माफिया सुधीर ने बेलीपार के रहने वाले अपने पूर्व सहयोगी अंकुर शाही पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में नामजद होने के बाद से वह फरार था। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम गोरखपुर-बस्ती मंडल के अलावा लखनऊ में छापा मार रही है। हालांकि, अभी तक गिरफ्तारी में सफलता हासिल नहीं हुई थी। बता दें कि प्रदेश के 68 माफिया की सूची में शामिल सुधीर सिंह का नाम शामिल है। खजनी पुलिस ने चुनावी रंजिश में एक युवक को पीटने के आरोप में हत्या की कोशिश की धारा में केस दर्ज है।

### शव की हुई पहचान, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र ढेबरुआ के ग्राम पंचायत तालकुण्डा के सधुवानगर टोले में बुधवार की सुबह मिली लाश की शिनाख्त हो गई है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बेलभरिया की रहने वाली राधिका ने शिनाख्त अपने पति 35 बर्षीय संजय पुत्र बुझारत के रूप में की है। उसने बताया कि उसके पति मंगलवार की रात ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तालकुण्डा के जलापुरवा बरात के लिए कह कर निकले थे। ढेबरुआ एसएचओ गौरव कुमार सिंह ने बताया कि लाश की शिनाख्त हो गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**बलरामपुर अमृत विचार।** महराजगंज तराई बाजार में एक 65 वर्षीय वृद्ध कुतुबुल्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव एक पेड़ के नीचे पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक कुतुबुल्ला बृहस्पतिवार सुबह 9 :00 बजे घर से खेत को गए थे।शाम तक वापस न आने पर परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिले। आज सुबह गांव के चरवाहों ने उनका शव एक पेड़ के नीचे पड़ा देखा। उनके दो लड़के शाहिद और वाहिद मुंबई में हैं, जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है।

### ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का संगम है श्रीमद्भागवत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** श्रीमद्भागवत कथा जीवन के रहस्य को उजागर करती है और ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का संगम है। यह कथा सुनने से व्यक्ति को परमानंद की प्राप्ति होती है, ईश्वर की निष्काम भक्ति प्राप्त होती है और कलिकाल के पापों, तापों और संतापों से मुक्ति मिलती है। उक्त बातें पं दयानन्द द्विवेदी जी ने शुक्रवार को बाज़ार विकास क्षेत्र के ग्राम तिघरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर कहीं। आचार्य ने श्रीमद्भागवत को सभी पुराणों में सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि यह पुराण न केवल आत्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि मन को शुद्ध भी करता है। आचार्य ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया और बताया कि कैसे भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। आचार्य ने कहा कि कलयुग में लोगों की आयु कम हो जाती है और वे धर्म के मार्ग से भटक जाते हैं। लोग केवल अपनी इच्छाओं और भोगों के पीछे भागते हैं, उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। कथाव्यास ने कलयुग के अंत में भगवान विष्णु के कल्कि अवतार और सतयुग की पुन : स्थापना का भी वर्णन किया। इस दौरान मुख्य यजमान कमलावती देवी एवं पं जनार्दन दूबे, आयोजक नीलम एवं नरेन्द्र दूबे, कीर्ति एवं मानवेन्द्र दूबे, अमरेन्द्र दूबे मौजूद रहे।



कथा सुनाते व्यास पं दयानन्द द्विवेदी।

### भूमाफिया की जांच के लिए टीम गठित

**कुशीनगर अमृत विचार :** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने भूमाफियाओं के खिलाफ शिकायत मिलने पर टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं। विनय चौरसिया, शुभकर शुक्ला, विद्याधर शुक्ल, हीरा गुप्ता, बनारसी गुप्ता, गजेन्द्र ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया था जिसमें आरोप लगाया गया है कि भू-माफिया धनंजय पुत्र रमायन उपाध्याय ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग ने बैनामे की भूमि व अन्य जमीनों को प्रशासनिक अधिकारियों की मिली भगत से हड़पने के लिए जालसाजी की। पीड़ितों द्वारा उक्त प्रार्थना पत्रों की जाँच कराकर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त प्रकरणो की जॉच हेतु उप जिलाधिकारी एवं पुलिस,क्षेत्राधिकारी, तमकुहीराज,सब रजिस्ट्रार, तमकुहीराज की जॉच टीम गठित कर उन्हें प्रकरणो की जाँच कर अपनी आख्या सात दिनों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### श्रमिकों को किया गया जागरूक

**कुशीनगर अमृत विचार :** श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून से 17 जून तक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को श्रम विभाग द्वारा जनपद के ईंट भट्ठों पर बाल व किशोर श्रम अधिनियम 2016 के प्रावधानों की जानकारी ईंट भट्ठा संचालकों व उपस्थित श्रमिकों की दी ग। बताया गया कि ईंट भट्ठों पर बालकों व किशोरों से काम लेना अपराध है। साथ ही यह भी बताया गया कि शिक्षा व सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी, व श्रमिक उपस्थित रहे।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारी अधिवक्ताओं ने डीएम से की भेंट

**गोरखपुर, अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में बार के पदाधिकारियों, सदस्यों के साथ कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश से शिष्टाचार भेंट की। शिष्टाचार भेंट के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्यायिक प्रणाली का अभिन्न अंग हैं। डीएम ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि बार के साथ बेहतर समन्वय रखते हुए पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय दिलाया जाए। डीएम ने यह भी कहा कि बार एसोसिएशन की यदि कोई समस्या होगी तो उसका भी समयबद्धता के साथ नियमानुसार निस्तारण कराया जाएगा। बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता श्री पांडेय ने बार की ओर से जिला प्रशासन को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद पांडे उपाध्यक्ष अरविंद कुमार पाठक व सचिन कुमार शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय चौरसिया महामंत्री चंद्र प्रकाश मिश्र कोषाध्यक्ष उपेंद्रधर दुबे सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य गण के साथ एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव मौजूद रहे।



डीएम से भेंट करते अधिवक्ता।

### बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर निकाली रैली

**सिद्धार्थनगर।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर मुख्यालय पर श्रम विभाग, एएचटीयू पुलिस एवं मानव सेवा संस्थान सेवा के संयुक्त तत्वाधान में वृहद जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को बाल श्रम न कराये जाने हेतु जागरूक किया गया।जागरूकता रैली नगर पालिका कार्यलय से निकाली गई जिसमें बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाओ बच्चों का जीवन बचाओ, हम सबने यह ठाना है बाल मजदूरी को देश से मिटाना है, चाहे कितनी भी हो मजबूरी बच्चों से ना कराएं मजदूरी...नारे लगाए जा रहे थे। रैली सिद्धार्थ तिराहा, रेलवे स्टेशन होते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुँची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर श्रम पर्वतन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बाल श्रम करवाने वाले नियोक्ता के खिलाफ लगने वाली धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ला ने बाल अधिकारो एवं पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। मानव सेवा संस्थान सेवा के जिला समन्वयक जय प्रकाश गुप्ता ने बालश्रम, बाल तस्करी, बंधुआ मजदूर, बाल विवाह एवं बाल यौन उत्पीड़न से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान उप निरीक्षक हरिओम, संतोष कुमार सिंह, लक्ष्मन सिंह, मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव, आरक्षी आशुतोष सिंह, समरजीत चौरसिया, महिला आरक्षी इशरावती, ममता, श्रम विभाग के गौरी दत्त तिवारी, शैलेंद्र वर्मा, राहुल शर्मा, अमरजीत पाण्डेय, राघव प्रसाद, जगदम्बा प्रसाद, आनन्द कुमार, मानव सेवा संस्थान सेवा के आनन्द, संदीप कुमार मद्धेशिया, पिरामल फाउंडेशन के डिस्ट्रिक प्रोग्राम लीड सत्येंद्र सिंह, नीति आयोग के डीपीए अभिवनव द्विवेदी सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

